




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ









वर्ष 06, अंक 317 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, बुधवार 08 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in


### 54 नगरपालिका में 18 महिलाओं के लिए आरक्षित

## रायपुर समेत 5 निगमों में महिला बनेंगी महापौर

**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव के लिए आखिरकार आरक्षण प्रक्रिया शुरू हो गई है। रायपुर नगर निगम महिला के लिए आरक्षित हुआ है। बिलासपुर नगर निगम ओबीसी आरक्षित किया गया है। वहीं भिलाई नगर निगम ओबीसी के लिए आरक्षित की गई। दुर्ग नगर निगम ओबीसी महिला के लिए आरक्षित, भिलाई-चरौदा भी ओबीसी के लिए आरक्षित की गई। रिसाली अनुसूचित जाति महिला के लिए और रायगढ़ नगर निगम स्ष्ट के लिए आरक्षित। अंबिकापुर नगर निगम स्ञ्ज के लिए आरक्षित किया गया।

रायपुर के दीन दयाल ऑडिटोरियम में 14 नगर निगम, 53 नगर पालिका और 125 नगर पंचायत मिलाकर कुल 192 नगरीय निकाय के लिए लॉटरी पद्धति से हो रही आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

निर्वाचन अधिकारी पुलक भट्टाचार्य आरक्षण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए भिलाई, भिलाई-चरोदा, बिलासपुर और दुर्ग आरक्षित किया गया है। वहीं रायपुर, जगदलपुर, चिरमिरी, बीरगांव सामान्य वर्ग के लिए खुला रखा गया है, सामान्य महिला के लिए रायपुर, कोरबा और बिरगांव आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा रिसाली और रायगढ़ नगर निगम अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। अंबिकापुर नगर निगम अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है।

#### 14 नगर निगम की स्थिति

नगर निगम रायपुर - सामान्य (महिला)

नगर निगम बिरगांव - सामान्य (महिला)

नगर निगम दुर्ग - ओबीसी (महिला)

नगर निगम भिलाई - ओबीसी

नगर निगम रिसाली - एससी (महिला)

नगर निगम चरोदा - ओबीसी

नगर निगम राजनांदगांव - सामान्य

नगर निगम धमतरी - सामान्य

नगर निगम जगदलपुर - सामान्य

नगर निगम रायगढ़ - एससी (महिला)

नगर निगम कोरबा - सामान्य (महिला)

नगर निगम बिलासपुर - ओबीसी

नगर निगम अंबिकापुर - एसटी

नगर निगम चिरमिरी - सामान्य

नगर पालिका परिषद के लिए आरक्षण

अनुसूचित जाति के लिए 8 सीट (3 महिला)

अनुसूचित जनजाति के लिए 6 सीट (2 महिला) आरक्षित

ओबीसी वर्ग के लिए 13 सीटें आरक्षित (4 महिलाओं) आरक्षित

27 अनारक्षित सीटों में से (9 सीटें महिलाओं) के लिए आरक्षित

#### अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नगर पालिका

अभनपुर, बागबहरा, सारंगढ़, डोंगरगढ़, जांजगीर,नैला, अकलतरा, पंडरिया

#### अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित नगरपालिका

नारायणपुर, जशपुर नगर, बलरामपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा,बीजापुर

ओबीसी के लिए आरक्षित नगर पालिका

दल्ली राजहरा, बड़े बचेली, लोरमी ,कटघोरा, बेमेतरा, कोंडागांव, कवर्धा, अहिवारा, मनेंद्रगढ़, सूरजपुर कुम्हारी

#### महिला अनारक्षित घोषित किए गए नगरपालिका

शिवपुर चर्चा, तखतपुर,किरंदुल, जामुल, खैरागढ़, बोदरी, बालोद, सरायपाली, बाँकीमोंगरा

#### अनारक्षित घोषित किए गए नगर पालिका

सक्ति,खरसिया, कांकेर, चांपा, रतनपुर, भाटापारा, बलोदा बाजार, मुंगेली, गरियाबंद, आरंग, महासमुंद, गौरेला, अमलेश्वर, बैकुंठपुर रामानुजगंज

## 'संस्थान होने का क्या फ़ायदा, अगर काम करने वाले लोग ही नहीं...'- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों में रिक्तियों पर नकारात्मक रुख अपनाया और केंद्र को तत्काल पदों को भरने का निर्देश दिया। सीआईसी में सूचना आयुक्तों के शीघ्र चयन के लिए कहते हुए जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र से कहा, 'इन पदों को जल्द से जल्द भरने की जरूरत है, अन्यथा संस्थान होने का क्या फायदा, अगर हमारे पास काम करने वाले लोग ही नहीं हैं?'

#### पीठ ने की उम्मीदवारों की नियुक्तियों की आलोचना

पीठ ने सीआईसी और एसआईसी में केवल एक विशेष श्रेणी के उम्मीदवारों की नियुक्तियों की आलोचना की और इन आयोगों में नौकरशाहों की मौजूदगी पर न्यायिक टिप्पणी करने पर विचार किया, न कि सभी क्षेत्रों के लोगों की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, 'हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान ले सकते हैं कि पूरे आयोग में केवल एक ही श्रेणी के लोग काम करते हैं। केवल नौकरशाहों की ही नियुक्ति क्यों की जाए और कई क्षेत्रों के लोगों की नियुक्ति क्यों नहीं की जाए। हम इस पर और कुछ नहीं कहना चाहते, लेकिन इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है।'

#### राज्यों ने चयन प्रक्रिया में देरी की- प्रशांत भूषण

याचिकाकर्ता अंजलि भारद्वाज और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि 2019 में शीर्ष अदालत ने सीआईसी और एसआईसी में पदों को भरने के लिए मौलिक निर्देश जारी किए थे, लेकिन राज्यों ने चयन प्रक्रिया में देरी की और सूचना के अधिकार अधिनियम को लगभग समाप्त कर दिया।

संबंधित सचिवों को बुलाने या जवाब मांगने का न्यायालय से आग्रह करते हुए भूषण ने कहा कि रिक्तियों के कारण इस मंच का उपयोग करने वाले लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## यूपी में शीतलहर का प्रकोप , कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी



**हरदोई ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में शीतलहर का कहर जारी है। प्रदेश के कई इलाकों में सर्द मौसम और कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कुछ क्षेत्र अत्यंत घने कोहरे की चादर में लिपटे दिखे। राजधानी लखनऊ में मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

अगले 4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। प्रदेश के मध्य भाग को छोड़कर जहां अगले पांच दिनों के दौरान कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। रात में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2एष्ट-4एष्ट की गिरावट होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

उत्तर प्रदेश के हरदोई में मंगलवार सुबह से ही घना कोहरा दिखाई दे रहा है। जिले में चारों तरफ कोहरे की घनी चादर फैली हुई है और विजिबिलिटी भी 50 से 100 मीटर के करीब है।

मौसम विभाग के अनुसार, जिले में 9 जनवरी तक कोहरा छाए रहने की संभावना है।

## हर राज्य की अपनी एक विशिष्ट पहचान है-राज्यपाल डेका

#### राजभवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख का स्थापना दिवस



**रायपुर ( समय दर्शन )।** राजभवन में कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि भारत विभिन्न रंगों के अनेक पुष्पों की एक माला है। हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान है। इन राज्यों के लोग अपनी विशिष्ट पहचान के साथ छत्तीसगढ़ में निवास करते हुए व्यवसाय या नौकरी कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक-दूसरे राज्यों का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इसी कड़ी में राजभवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे का विचार, विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान का आदान-प्रदान करना है, जो आपसी समझ और सद्भाव को बढ़ावा देगा।,

### अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया

## देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने की शुरुआत- अमित शाह




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल को लॉन्च किया। इस अवसर पर अमित शाह ने सीबीआई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किया।

भारतपोल पोर्टल के लॉन्च पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, आज भारतपोल के शुभारंभ के लिए हम यहां एकत्रित हुए हैं। यह हमारे देश की अंतरराष्ट्रीय जांच को एक नए युग में ले जाने वाली शुरुआत है। भारतपोल की संरचना से भारत की हर एजेंसी, हर राज्य की पुलिस खुदको इसकी मदद से बहुत सरलता से इंटरपोल के साथ जोड़ पाएगी और जांच को गति दे पाएगी।

अमित शाह ने आगे कहा कि हम सब जानते हैं कि हम अमृत काल में जी रहे हैं। आज़ादी के 75 साल से आजादी के 100 साल के कालखंड को ना केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के रूप में वर्णित किया है, बल्कि अब देश की 140 करोड़ की जनता ने इस काल खंड को अमृत काल के रूप में स्वीकार भी किया है।

भाजपा नेता ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने संकल्प लिया है कि 2047 में जब देश को आजादी के 100 साल होंगे, तब भारत हर क्षेत्र में विश्व में पहले स्थान पर होगा और हम हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहे होंगे। अगर ये संकल्प हमें सिद्ध करना है तो इसके कई पड़ाव हैं। हमने तय किया है कि 2027 तक भारत को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

## फिल्मी स्टाइल से प्लास्टिक के ड्रम में छुपा कर गांजा तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

### घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप कीमती 10 लाख को किया पुलिस ने जप्त



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा, शराब,जुआ सट्टा पर कडी कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में 7 जनवरी को थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन के पीछे प्लास्टिक ड्रम में छुपाकर अवैध मादक पदार्थ रखकर देवभोग की ओर से गरियाबंद की ओर आ रहे है।इस सूचना पर पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुच कर मुखबीर से बताये गये संदेही वाहन को थाना के पास नाकाबंदी कर रोककर उक्त संदेही वाहन को पकड़ा गया। संदेही से नाम पता पुछने पर वाहन चालक ने अपना नाम जगदीश भाठीया पिता हरिश्चंद्र भाठीया उम्र 36 साल निवासी निवासी वार्ड नं. 64 सारगोया तहसील खेतगांव थाना हरनगांव जिला देवास (म0प्र0) का रहने वाला बताया तथा वाहन के पीछे नीले रंग प्लास्टिक के ड्रम मे भूरा रंग के सेलो टेप से लिपटा हुआ 44 पैकेट में 8 ,5 लाख रुपए के 83.300 किलोग्राम तथा सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन को गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।उक्त अरोपी का कृत्य अपराध आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव,सउनि टीकाराम ध्रुव,प्र.आर.डिगेश्वर साहू,आर. मुरारी यादव,योगेश ठाकुर,धनेंद्र बंजारे,कुंदन जगने, कृष्णभूषन सरदार की विशेष भूमिका रही।

### दुर्ग प्रेस क्लब ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार के लिए मांगा न्याय

## पत्रकार मुकेश चंद्राकर के निर्मम हत्या मामले में विरोध के स्वर तेज



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** बीजापुर के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर के निर्मम हत्या मामले में मीडिया कर्मियों के अलावा राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। इस कड़ी में दुर्ग प्रेस क्लब (पत्रकार परिषद, जिला दुर्ग) के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात कर उन्हें राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पत्रकार स्व. मुकेश चंद्राकर के हत्यारो के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की गई।

आक्रोशित वरिष्ठ पत्रकारों का कहना था कि हत्या की यह घटना निंदनीय है। ऐसी घटना से मीडियाकर्मियों की लेखनी थमने वाली नहीं है, बल्कि पूरे मजबूती से आगे भी समाज विरोधी ताकतों के खिलाफ सच्चाई की यह जंग जारी रहेगी। दुर्ग प्रेस क्लब की मांगों में युवा पत्रकार स्व. मुकेश चंद्राकर के हत्यारो को फांसी की सजा, पीड़ित परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी, पीड़ित परिवार को 1 करोड़ की मुआवजा राशि और प्रदेश में पत्रकारों के सुरक्षा हित में पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द लागू करने की मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने मीडिया कर्मी पटेल चौक से रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकार की हत्या के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

पत्रकारों ने उक्त मांगों पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री से तत्काल कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दुर्ग प्रेस क्लब अध्यक्ष अरुण मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार सतीश वर्मा, पुनीत कौशिक, पवन देवांगन, रोमशंकर यादव, धनेंद्र सिंह चंदेल, राहुल शर्मा, आशीष ठाकुर, पुरेंद्र देशमुख, ज्वाला अग्रवाल, नसीम फारूकी, वीना दुबे, प्रेमलाल देशमुख, गोविंद यदु ,रंजन पांडेय, छन्नूलाल सिन्हा, हमीद खान, दीपक राजपूत के अलावा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

#### भारत में बढ़ने लगे एचएमपी वायरस के केस

**नई दिल्ली।** भारत में एचएमपी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में भी एचएमपी वायरस के 2 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इससे पहले कर्नाटक में 2, गुजरात में 1, पश्चिम बंगाल में 1 और तमिलनाडु में दो मामले सामने आए थे। नागपुर में एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल के लड़के में वायरस लक्षण मिले हैं। लगातार सर्दी खांसी बुखार के बाद परिवार ने प्राइवेट लेब में जांच करवाई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि इन दोनों बच्चों को अस्पताल में भर्ती नही करना पड़ा, घर पर ही इलाज से बच्चों की स्थिति कंट्रोल में है। वहीं मुबंई महानगरपालिका भी इस नए वायरस को लेकर अलर्ट मोड पर आ गई है।

## भूकंप से कांपी तीन देशों की धरती, बिहार में 17 सेकेंड तक महसूस हुए झटके

#### तिब्बत रहा भूकंप का केंद्र

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश के कई राज्यों सहित नेपाल , चीन से लेकर तिब्बत तक मंगलवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। नेपाल में तेज भूकंप आने के चलते बिहार में धरती डोली। बिहार के कई जिलों में इसका असर दिखा।

बिहार के पटना , मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मोतिहारी, बेगूसराय, मुंगेर, शिवहर और सारण में भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल में भूकंप की तीव्रता 7.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र चीन के कंट्रोल वाले तिब्बत में था। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस्) के अनुसार, भूकंप तिब्बत के शिजांग में रहा। भूकंप के झटके नेपाल और भारत के बिहार, असम और सिक्किम में भी महसूस हुए। वहीं, बंगाल के मालदा और कुछ और इलाकों में भी धरती हिली। तिब्बत में रुक-रुक कर झटके महूसस किए जा रहे हैं।

जब भूकंप आया, उस समय मैं सो रही थी। बिस्तर हिल रहा था और मुझे लगा कि मेरा बच्चा बिस्तर हिला रहा है। मैंने इस पर ज़्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन खिड़की के हिलने से मुझे लगा कि यह भूकंप है। फिर मैंने जल्दी से अपने बच्चे को बुलाया और घर से बाहर निकलकर खुले मैदान में आ गई। मैं अभी भी डर के मारे कांप रही हूं और सदमे में हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिलासपुर महापौर ओबीसी, सबसे पहले भाजपा के ओम प्रकाश ने की दावेदारी

**बिलासपुर (समय दर्शन)।** स्थानीय निकाय आरक्षण की लॉटरी निकलते ही बिलासपुर में सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी दावेदार टिकट के लिए सक्रिय हो गए। भाजपा से पूर्व पार्षद नगर पालिका निगम में मुख्य सचेतक रह चुके ओमप्रकाश देवांगन ने बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल से मिलकर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है।

इसी तरह कांग्रेस में भी दावेदारी शुरू हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ओबीसी राजनीति को जिस तरह से आगे बढ़ाया था उसके चलते कांग्रेस में ओबीसी नेताओं की कमी तो नहीं है पर सत्ता में नहीं होना दावेदारों को टिकट का दावा करने के पहले वित्तीय प्रबंधन सोने के लिए बाध्य करता है। कारण पूर्व की अपेक्षा नगर पालिका निगम की सीमा बहुत बड़ी है और प्रत्यक्ष निर्वाचन में खर्च विधानसभा चुनाव से कहीं ज्यादा लगने वाला है। भाजपा पार्टी के चुनाव प्रत्याशी चयन में उपमुख्यमंत्री अरुण साल जो नगरी निकाय मंत्रालय ही देखते हैं की भूमिका और सांसद तोखन साहू जो केंद्रीय राज्य मंत्री हैं और नगरी निकाय ही देखते हैं दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। इसके अतिरिक्त बिलासपुर विधायक और बेलतरा विधायक दोनों का मत भी महत्वपूर्ण होगा। ऐसे में बिलासपुर महापौर प्रत्याशी के लिए खेमेबाजी से इनकार नहीं किया जा सकता। जब अंतिम प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर का चुनाव हुआ था और दो ओबीसी प्रत्याशी भाजपा से किशोर राय और कांग्रेस से रामशरण यादव के बीच मुकाबला हुआ था तब भाजपा प्रत्याशी किशोर राय ने अमर अग्रवाल की जीत का रिकॉर्ड तोड़ते हुए कांग्रेस प्रत्याशी रामशरण यादव को पछाड़ा था।वैसे भाजपा में ओबीसी महिला नेत्रों की भी कमी नहीं है ऐसे में दावेदारों की सूची लंबी हो सकती है, और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नेता भी टिकट के लिए सक्रियता दिखा सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ओबीसी सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री ओबीसी के बाद अब महापौर भी ओबीसी से सवर्ण वर्ग में नाराजगी की खबर भी है। कल अर्थात 8 तारीख को होने वाला त्रिस्तरीय पंचायत आरक्षण में जिला पंचायत अध्यक्ष का पद यदि सामान्य कोटे में नहीं गया तो यह नाराजगी बढ़ सकती है।

### प्रेस क्लब कर रहा जिला प्रशासन के समस्त कार्यक्रमो का विरोध, जनसंपर्क की कार्यप्रणाली नागवार गुजर रही

**सारंगढ़ (समय दर्शन)।** सारंगढ विगत कुछ दिनों से प्रेस क्लब सारंगढ-बिलाईगढ द्वारा जिला प्रशासन के समस्त कार्यक्रमों का बहिष्कार कर रही है क्योंकि जनसंपर्क विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो में कई पत्रकारों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा था इसके सम्बंध में कलेक्टर को भी ज्ञापन दिया गया परन्तु अभी तक उक्त कार्यप्रणाली में कोई भी सुधार नहीं दिखाई दे रहा है जिससे अब प्रेस क्लब द्वारा धरना प्रदर्शन करने की तैयारियां भी किया जा रहा है।

### बीजापुर के शहीदों को दी छ. ग. जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**पत्रकारों ने 2 मिनट मौन रख कर जताया दुख**




**शंकर लहरे/ महासमुंद( समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सली हमले में शहीद जवानों की याद में छ. ग. जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन पिथौरा इकाई के पत्रकारों ने स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जिला अध्यक्ष बलराज नायडू ने कहा कि हम सभी उन जवानों को याद कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इन्हीं जवानों के रहते हुए ही हम अपने घरों में चैन की नींद सो पाते हैं। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से बलराज नायडू जिला अध्यक्ष, गौरव चंद्राकर जिला सचिव, लोकनाथ खूटे जिला सहसचिव, रमेश श्रीवास्तव जिला सलाहकार ,राजेश साव ब्लॉक अध्यक्ष, कीर्ति पांडेय उपाध्यक्ष, कमलेश डडसेना महासचिव, बद्री प्रसाद दुबे मीडिया प्रभारी, राजा बाबू उपाध्याय, मनदीप होरा, चंदन पांडे, युवराज चौहान सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पीएम आवास योजना के हितग्राही अंशदान की राशि जमा कर अपना स्वयं का मकान शीघ्र पा सकते है




**भिलाईनगर (समय दर्शन)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया गया है। जो हितग्राही वर्ष 2022-23 में आवास हेतु निगम के आवास शाखा में आवेदन जमा किये है और जिन हितग्राहियो का नाम पात्र सूची में है। वे शासन के नियमानुसार 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कर 10 जनवरी 2025 को होने वाले लाटरी में शामिल होकर अपना स्वयं का मकान पा सकते है।

इस संबंध में आज निगम के सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने हितग्राहियो, निर्माणकर्ता एजेंसी एवं ऋण प्रदान करने वाले बैंको के अधिकारियो की बैठक लेकर उन्हे पैसा जमा करने के लिए प्रेरित किये। आज की बैठक में 50 से 90 प्रतिशत राशि जमा करने वाले हितग्राही उपस्थित हुए थे। जिन्हे आयुक्त द्वारा समझाया गया कि जो राशि प्रतिमाह आप मकान किराये के रूप में जमा कर रहे है। पूरा पैसा जमा कर देने के बाद मकान प्रदाय कर दिया जायेगा। इसके लिए बैंको से घटते क्रम में ऋण प्रदान किया जा रहा है। बिना किसी विशेष पत्राचार किये, दोनो पक्षों के बीच बात-चीत, अनुबंध आदि करवाया गया। कल दोपहर को 2 बजे से निगम सभागार में 40 से 60 प्रतिशत राशि जमा कर चुके हितग्राहियो की बैठक होगी। वह भी आकर अपने अनुसार लोन लेकर मकान प्राप्त कर सकते है। जो व्यक्ति पूरा पैसा जमा कर देगा, उसे आबंटित मकान का कब्जा पत्र एवं मकान की चाबी 14 जनवरी को प्रदान कर दी जायेगी। यह सुविधा सभी हितग्राहियो के लिए उपलब्ध है।

बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, अभियंता दीपक देवांगन, सी.एल.टी.सी. से उत्पल शर्मा, आदित्य ठाकुर, प्रभारी योजना अधिकारी विद्यायाधर देवांगन, निर्माणाधीन एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जो भी मकान संबंधी हितग्राहियो द्वारा समस्या बताई गई उसे निराकरण करने के लिए आयुक्त ने एजेंसी को निर्देशित किया।

## सांसद विजय बघेल से मिले भाजपा के नवनियुक्त दुर्ग और भिलाई के जिलाध्यक्ष

**पाटन के भाजपा नेताओं ने किया जिला अध्यक्ष का स्वागत**



**पाटन (समय दर्शन)।** भाजपा जिला दुर्ग सुरेंद्र कौशिक एवं भाजपा जिला भिलाई के नवनियुक्त अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन आज सांसद निवास सेक्टर 5 पहुंचे यहां पर दोनों ही जिला अध्यक्षों का स्वागत पाटन क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया। दोनों अध्यक्ष के साथ भाजपा जिला दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भी साथ में थे। सांसद विजय बघेल से मुलाकात किया। इस अवसर पर उत्तर पाटन मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक ,भाजपा नेता विनय चंद्राकर, जनपद पंचायत पाटन का सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर ,पोषण वर्मा, राजेश वर्मा, प्रकाश चंद्राकर सहित अन्य इस अवसर पर मौजूद भी रहे।

## नाचा समारोह में कलाकारों का सम्मान, चित्रोत्पला लोक कला परिषद द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग हुआ आयोजन



**पाटन (समय दर्शन)।** चित्रोत्पला लोक कला परिषद द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से गत 2 एवं 3 जनवरी 2025 को ग्राम झीट में ,,नाचा महोत्सव ,, का आयोजन किया गया था .जिसमें झीट नाच पार्टी तथा बेलसोंडा नाच पार्टी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से मन मोह लिया.इस अवसर में बच्चों का एकल एवं समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया .समूह लोकनृत्य में जहां वंशिका एवं साथी प्रथम,तेजस्वी एवं साथी द्वितीय तथा भव्या एवं साथी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वही एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता में नारायणी प्रथम काव्या द्वितीय एवं साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.कार्यक्रम प्रदेश के वरिष्ठ नाचा कलाकार सर्वश्री गणपत साहू, यादव राम ठाकुर ,आनंद यादव, दीना सार्वे,महेश सिंगौर, टीकाराम साहू ,उदय राम ठाकुर, मोहनलाल साहू ,दिलीप निषाद, बलराम ,एवं परमानंद साहू सहित उभरते हुए कलाकारों का भी सम्मान किया गया.कार्यक्रम के अंत में प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकार एवं बच्चों को ,छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित राकेश तिवारी एवं बिस्मिल्लाह खान युवा अवॉर्डी पंडवानी गायक दुष्यंत द्विवेदी ने स्मृति चिन्ह तथा पेन देकर उत्साहवर्धन किया गया. निर्णायक के रूप में लोक कलाकार हेमलाल पटेल, नरेंद्र यादव ,मनीष लदेर एवं संत फ़रिकार ने भूमिका निभाई. कार्यक्रम में डीगेश्वर साहू, भूपेश सिन्हा,रमेश कौशिक ,धर्मेंद्र कौशिक ,अलख सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**भाटापारा (समय दर्शन)।** लायंस क्लब भाटापारा एवं माहेश्वरी समाज भाटापारा तथा एस एम सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन महेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। इसमें लगभग 200 से अधिक विभिन्न रोगों से संबंधित मरीजों की जांच की गई। गणेश जी और सरस्वती जी की पूजा के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ । इसमें वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ ,हड्डी रोग विशेषज्ञ, पेट रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध थी। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी ,डॉक्टर महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रज्ञा सूरवंशी, पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय कुमार अग्रवाल एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ खरे उपस्थित रहकर मरीजों की जांच की। इसमें आए मरीजों की ब्लड प्रेशर शुगर हड्डी रोग से संबंधित हार्ट से संबंधित महिला रोग से संबंधित तथा पेट रोग से संबंधित जांच की गई और आवश्यक उपचार बताया गया। आए सभी डॉक्टरों का स्वागत किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, रोशन हबलानी,दिनेश बजाज सूरज गुप्ता, नरेंद्र भूषणिया, श्याम रतन मूंदड़ा गिरधर गोविंदानी राजेश अग्रवाल संदीप भट्टार विनोद अग्रवाल प्रकाश बजाज के अतिरिक्त माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष छोटी दमानी,राजेश झवर, अनिल चांडक, तरुण मूंदड़ा, मौजूद रहे। इस शिविर को सफल बनाने में डॉ पंकज अग्रवाल चंदन राजपूत का विशेष योगदान रहा। मौके पर उपस्थित लोगों को डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में नगरवासियों लायंस क्लब भाटापारा तथा माहेश्वरी सभा भाटापारा के सहरानीय कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रमेंअंत मेंसभी डॉक्टर को स्मृति चिन्ह लायंस क्लब एवं माहेश्वरी समाज भाटापारा के पदाधिकारियों के द्वारा प्रदान किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन लायंस क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने प्रगट किया।

## नपं चुनाव पाटन: आरक्षण डिक्लेयर होने के बाद अब भाजपा कांग्रेस से उभरने लगी है दावेदारों का नाम

**बलराम यादव (राजनीतिक रिपोर्टर)।** पाटन। नगर पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इस बार पाटन नगर पंचायत चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए जो आरक्षण निकले हैं उसमें अनारक्षित मुक्त है। इस चुनाव में कोई भी वर्ग के दावेदार अपनी दावेदारी कर सकता है। वहीं प्रमुख रूप से भाजपा और कांग्रेस के मध्य ही मुकाबला रहेगा। चुनाव का आरक्षण डिक्लेयर होते ही समय दर्शन ने भाजपा और कांग्रेस के कुछ प्रमुख नेताओं से बात किया । इनमें सभी नेताओं ने अपनी दावेदारी करते हुए कहा कि पार्टी अगर उन्हें मौका देती है तो वह जरूर चुनाव मैदान में उतरेंगे । सत्ताधारी दल भाजपा के प्रमुख दावेदार के रूप में अभी पाटन नगर में पिछले कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष रहे एवं भाजपा के दिग्गज नेता योगेश निक्की भाले , भाजपा के वरिष्ठ नेता होरी लाल देवांगन और नगर पंचायत पाटन के पूर्व अध्यक्ष उपासना चंद्राकर दावेदारी कर रहे हैं। वही नगर पंचायत पाटन में पिछली बार सत्ता में रहे कांग्रेस की तरफ से प्रमुख दावेदार के रूप में श्रीकांत देवांगन, वार्ड 13 के निवर्तमान पार्षद निलेश वर्मा और पुरुषोत्तम कश्यप नजर आ रहे हैं । अभी वर्तमान में अब देखना पड़ेगा कि भाजपा और कांग्रेस किस पर दांव लगाती है।



आरक्षण की घोषणा होते ही पाटन नगर के चौक चौराहा में अब चुनावी चर्चा ही देखने को मिल रही है। बहरहाल अभी और भी दावेदार के नाम सामने आने की संभावना है। कई ऐसे नेता है जो चुनाव मैदान में उतर सकते हैं।

# कार्यालय में लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की जाए- कलेक्टर सुश्री चौधरी

**नान डी.बी.टी. पेंशन हितग्राहियों का करें सत्यापन, 70 प्लस आयुष्मान कार्ड बनाने निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक प्रगति लायें**

### कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा

**दुर्ग (समय दर्शन)।** जिले में शासकीय कार्यालयों में लम्बे समय से अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त होगी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों और विभागीय गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की। कार्यालयों में लम्बे अवधि से अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों की समीक्षा के दौरान कई विभागों द्वारा कार्यालय में लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारियां दी गई लेकिन अब तक इस संबंध में नियमानुसार कार्यवाहियां नहीं की गई है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए कार्यालयों में लम्बे समय से अनिधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवाएं मार्च 2025 से पहले समाप्त करने के कड़े निर्देश संबंधित जिला प्रमुख अधिकारियों को दिये हैं। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग के नान डीबीटी वाले 288 पेंशन हितग्राही जो पेंशन राशि से लाभान्वित हो रहे वे वर्तमान में जीवित है या नहीं है इसकी सत्यापन कराने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया हैं।




कलेक्टर सुश्री चौधरी ने शिक्षा विभाग के स्कूल जतन योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित निर्माण कार्य एजेंसी विभाग को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व भूमि सुधार कार्य पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की बात कही। उन्होंने 70 प्लस आयु वर्ग के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य का नगरीय निकाय और जनपदवार समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत नगरीय निकाय एवं जनपदवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। निकायों और जनपदों में योजना के विस्तार हेतु अधिकारियों को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने अधिकारियों को विभागों में रिक्त अनुकम्पा नियुक्ति भर्ती प्रक्रिया प्राथमिकता से पूर्ण करने के साथ ही आवेदकों को रिक्त पदों की जानकारी से अवगत कराने कहा। कलेक्टर ने जिले में ई-ऑफिस की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यालयों का पत्र व्यवहार ऑनलाईन होगा। यह एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का माध्यम है। ई-ऑफिस की गति और दक्षता विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है। इससे सिस्टम के जरिए जहां सरकारी काम में वक्त की बचत होगी, वहीं सरकारी काम में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने स्थापना एवं अन्य विभागीय देनदारियों की जानकारी संबंधित उच्च कार्यालयों को भेजने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा देयकों का भलीभांति परीक्षण करने सीएमएचओ एवं सीविल सर्जन को निर्देशित किया। कलेक्टर ने नगरीय निकाय/पंचायत चुनाव के तैयारी की भी जानकारी ली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि निकायों एवं जनपद पंचायतों से मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, स्ट्रांग रूम/मतदान सामग्री वितरण, वाहनों का रूटचार्ट, नये मतदाताओं और मतदान दल गठन के संबंध में जानकारी प्राप्त हो गई है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मतदान दल प्रशिक्षण हेतु तिथियां निर्धारित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने खनिज न्यास निधि कार्यों की जानकारी आगामी समय-सीमा बैठक के पहले सोमवार तक उपलब्ध कराने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों से धान के उठाव, कस्टम मिलिंग और संग्रहण केन्द्रों में पर्याप्त धान भण्डारण पर विशेष ध्यान देने डीएमओ को निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मुख्यमंत्री के अन्य पत्र, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन, सार्थ-ई-पोर्टल और पी.जी. पोर्टल के लम्बित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रकरण एक माह से ऊपर लम्बित नहीं होना चाहिए, सभी विभाग लम्बित प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाये। बैठक में एडीएम श्री अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर श्री एम. भार्गव, अपर कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

सार समाचार

## जमीन बंटवारा के नाम पर ठगी

**रायपुर( समय दर्शन )।** फर्जी तलाकनामा तैयार कर जमीन बंटवारा का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मोवा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया बुसरा सरीफ 45 वर्ष अमलतास पुरम कालोनी धमतरी की रहने वाली है। प्रार्थिया के पति के मौत के बाद उसके दुबे कालोनी मोवा वाले जमीन का बंटवारा के लिए आरोपी नूर बेगम, आशीष सिंदे, दादुल साहू व आयशा सिद्दकी ने फर्जी तलाकनामा तैयार करवा लिया। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया को चली तो उसने इसकी शिकायत मोवा थाना में की। मामले में मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक पर किया जानलेवा हमला

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुड़धवा खार ग्राम रायता में दो युवकों ने हत्या का प्रयास करते हुए युवक के सिर पर सब्बल से मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र कुमार 34 वर्ष ग्राम रायता का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने मुड़धवा खार में खंबा गाड़ रहा था, तभी आरोपी दशरथ धृतलहरे व एक अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और हत्या के नियत से सिर पर शब्बल से वार कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा - शाह

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर जवानों से भरी गाड़ी को उड़ा दिया. इस हमले में दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान समेत ड्राइवर शहीद हो गए. इस घटना पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शोक जताया है. उन्होंने कहा है कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा. हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे. गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट में ष्ठक्रत्र के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुखी हूं. वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं. इस दुख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा. हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे.

महापौर के कार्यकाल पर नेता प्रतिपक्ष का तीखा प्रहार

# लखपति दीदी दिव्या निषाद गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित एट होम रिसेप्शन में होगी शामिल

**राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित एट होम रिसेप्शन के लिए देश भर से 10 लखपति दीदियों का चयन**

**बिहान की बदौलत फल-फूल रहा मेरा घर : लखपति दीदी श्रीमती दिव्या निषाद**

**सालाना आय 4 लाख रूपए से अधिक, प्रतिमाह लगभग 33 हजार रूपए की हो रही आय**



**रायपुर( समय दर्शन )।** राजनांदगांव जिले के ग्राम कुसमी की लखपति दीदी श्रीमती दिव्या निषाद 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित एट होम रिसेप्शन में शामिल होंगी तथा राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु उन्हें सम्मानित करेंगी। लखपति दीदी श्रीमती दिव्या निषाद ने विपरीत और संघर्षपूर्ण स्थिति में भी हार नहीं मानी और राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर सफलता की नई ईबारत लिखी है। श्रीमती दिव्या निषाद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान कि बात है कि लखपति दीदी के तौर पर राष्ट्रपति भवन जाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि यह जानकर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है और घर में सभी खुश हैं। लखपति दीदी श्रीमती दिव्या निषाद ने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी और वर्ष 2021 में कोविड-19 की वजह से उनके पति की आकस्मिक मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि गरीबी की स्थिति थी और उन्हें किसी भी तरह का अनुभव और ज्ञान नहीं था। पति की आकस्मिक मृत्यु के दुख ने परिवार को अंदर तक झकझोर दिया। ऐसे समय में अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए तथा अपने बच्चों के पालन-पोषण के लिए समूह की दीदियों से मुझे हिम्मत मिली और मैंने कुछ कार्य करने का निर्णय लिया। लखपति दीदी श्रीमती दिव्या निषाद ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में परिवर्तन आया और आज बिहान की बदौलत मेरा घर फल-फूल रहा है। अंतर्मुखी स्वभाव होने के कारण बिहान से जुड़ने से आत्मविश्वास बढ़ा। प्रशिक्षण के दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने बताया कि बैंक सखी, बैंक मित्र, पुस्तक लिखने का कार्य, समूह के अध्यक्ष एवं सचिव के कार्य तथा छोटे व्यापार प्रारंभ करने का कार्य सीखने लगी। उन्होंने बताया कि वह जय मां अम्बे स्वसहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। समूह में कार्य करने के दौरान आत्मविश्वास बढ़ा और समूह के माध्यम से ऋण लेकर छोटा सा व्यापार प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि उनकी सालाना आय 4 लाख रूपए से अधिक है और वह बहुआयामी कार्य कर रही हैं।

# छह माह से पेंशन के लिए भटक रही वृद्धा को कलेक्टर गौरव ने दिलाई पेंशन

**महिला को निगम मुख्यालय से सम्मान पूर्वक घर भी पहुंचाया**



**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की संवेदनशील पहल की वजह से आज एक वृद्ध महिला के पेंशन नहीं मिलने की समस्या आधे घंटे के भीतर ही निराकृत हो गई। मोमिनपारा निवासी श्रीमती फलीजा बानो सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अपनी फरियाद लेकर पहुंची। इस दौरान श्रीमती बानो ने अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया।

श्रीमती बानो ने बताया कि पिछले छह माह से उन्हें निराश्रित पेंशन की राशि नहीं मिल रही है। जिसकी वजह से वह काफी परेशान है। नगर निगम के चक्कर भी महीनों से लगा रही है, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। कलेक्टर ने उनकी बातों को संवेदनशीलता से सुनने के बाद तत्काल नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। जैसे ही कलेक्टर डॉ. सिंह रायपुर नगर निगम में प्रशासक का चार्ज लेने पहुंचे। तत्काल वृद्ध महिला को वहां बुलाया और अधिकारियों को समस्या का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके बाद महिला की समस्या को आधे घंटे के भीतर ही निराकृत कर दिया गया। बैंक के अधिकारी द्वारा तत्काल निगम मुख्यालय पहुंचे और उनके हाथों पेंशन राशि तीन हजार रूपए दी। जैसे हाथ में राशि मिली वृद्ध महिला के चेहरे में खुशी लौट आई और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया।

कलेक्टर के निर्देशानुसार श्रीमती बानो को सम्मान कार्यालय में बिठाया गया और घर पहुंचाने की निगम ने व्यवस्था की। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर निगम द्वारा 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को निराश्रित पेंशन देने की योजना बनाई गई है। इसके तहत वृद्ध को प्रतिमाह 500 रूपए दिया जाता है।

# हसदेव क्रिएटर्स हब से युवाओं को मिलेगा ग्लोबल मंच : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**मुख्यमंत्री ने जांजगीर में अत्याधुनिक स्टुडियो का किया शुभारंभ**



**रायपुर( समय दर्शन )।** नए साल में जांजगीर चांपा क्षेत्र के युवाओं को उनकी रचनात्मकता को निखारने के लिए ग्लोबल मंच मिल गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को जांजगीर में हसदेव क्रिएटर हब का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमार्ट परिसर में स्थापित इस अत्याधुनिक स्टूडियो से सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स, क्रिएटर्स व गायकों को अपनी सृजनशीलता और रचनात्मकता को देश-दुनिया के सामने लाने और उसे निखारने का ग्लोबल मंच मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने स्टूडियो में पॉडकास्ट के माध्यम से इंटरव्यू भी दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि युवाओं के उमंग और उत्साह को देखकर मैं भी उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि पहले इस कार्य के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है और बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती थी। अब इस स्टूडियो के बन जाने से युवाओं को अपनी क्रिएटीविटी को सबके सामने लाने के लिए काफी सुविधा होगी। यहां रिकार्डिंग के लिए अत्याधुनिक उपकरण और साफ्टवेयर हैं। इस अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक सौरभ सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और कंटेंट क्रिएटर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, यूट्यूबर्स उपस्थित थे।

# कांग्रेस का पत्रकार के हत्यारे से ये कैसा मोह : पंकज झा



**रायपुर( समय दर्शन )।** सीएम के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने एक पोस्ट कर कहा है कि, सुरेश चंद्रकार गिरफ्तार। प्रियंका गांधीजी कांग्रेस के छत्तीसगढ़ इकाई को निर्देशित करें कि अब भी कम से कम वह अपने नेता को कांग्रेस से निष्कासित कर दे। बस्तर की आवाज मुकेश चंद्रकार जी का हत्यारा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश चंद्रकार हैदराबाद से गिरफ्तार। बधाई छत्तीसगढ़। कम से कम अब भी हत्यारे को पार्टी से निकाल दीजिये कृपया दीपक बैज जी। क्या मोह है इस हत्यारे से, यह समझ नहीं आ रहा। कृपया आप निर्देशित करें कि वे हत्यारे को कांग्रेस से निकालने के लिए पहल करें। एक दोस्ताना शिकायत मीडिया के साथियों से भी है। समूचे आदर के साथ कहना चाहूँगा। सोचिए जरा। अगर कोई अपराध हो और दुर्योग से अगर वह आरोपी के किसी मण्डल (ब्लॉक) के किसी एक प्रकोष्ठ का कोई सदस्य भी निकल जाय, तो लगातार लिखा जाता है - भाजपा नेता गिरफ्तार। आरोपी भाजपा नेता था आदि-आदि। किंतुज किंतु एक बर्बर अपराध में, पत्रकार मुकेश चंद्रकार जी की नृशंस हत्या में कांग्रेस का एक बड़ा नेता शामिल है, गिरफ्तार भी हो गया वह, नेता कहने में आप संकोच क्यों कर रहे? मैंने किसी समाचार में यह शीर्षक नहीं देखा कि कांग्रेस नेता हत्यारा आदि। समाचार कैसे लगाना है, यह आपका विशेषाधिकार-विवेकाधिकार है, परंतु एक पाठक-दर्शक के नाते यह प्रश्न उठाना अपना भी अधिकार तो हो हो सकता है? उसी नाते यह निवेदन किया है, कृपया अन्यथा नहीं लेंगे।

## सीग्रम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने ग्लोबल संसेशन नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

**रायपुर।** सीग्रम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज़ स्क्विड गेम के दूसरे सीज़न के साथ साझेदारी की घोषणा की है। स्क्विड गेम के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की लिव इट लार्ज फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है। ऐसे में यह सहयोग ब्रांड को युवाओं के जुनून का हिस्सा बनने, उनसे जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, पेरनोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग जनरल मैनेजर जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम के साथ रॉयल स्टैग का यह सहयोग ब्रांड को के-कल्चर के प्रति युवाओं की दीवानगी का लाभ उठाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के साथ न सिर्फ ब्रांड युवाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेगा, बल्कि इससे ब्रांड की युवा छवि को भी उभारने में मदद मिलेगी। रॉयल स्टैग ब्रांड हमेशा उन लोगों के साथ खड़ा रहा है जो बड़े सपने देखते हैं और पूरे जुनून और उद्देश्य के साथ अपनी जिंदगी जीते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कि इस शो में दिखाया गया है। स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ यह साझेदारी हमें अपने दर्शकों और आज की पीढ़ी को एक जीवंत अनुभव और ठोस सामाजिक मूल्य प्रदान करने में मदद करता है।

राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव श्री दिनेश शर्मा ने भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी और श्री डेका ने भी उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।



## पत्रकार संदीप शुक्ला को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** न्यूज चैनल के वरिष्ठ पत्रकार संदीप शुक्ला को गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी नरेशचन्द्र देवनाग को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि संदीप शुक्ला, जो एक न्यूज चैनल में वरिष्ठ पत्रकार हैं, ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 1 जनवरी 2025 को वे और उनका टीम धमतरी जिले के बोराई गांव में वन विभाग के नाके पर कवरेज कर रहे थे, जिसमें अवैध वसूली से संबंधित खबर प्रसारित की थी। इसके बाद, 3 जनवरी 2025 को रात्रि 8:30 बजे के आसपास संदीप शुक्ला के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर अश्लील गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई। संदीप शुक्ला की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज किया गया और आरोपित की तलाश शुरू की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी नरेशचन्द्र देवनाग 57 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# कर्मचारियों की जरूरतों व मांगों को लेकर संवेदनशील है सरकार : अरुण साव

**नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री साव**



**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव सोमवार को स्व बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन में शामिल हुए। नगरीय निकायों के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संघों द्वारा प्रदेश में पहली बार प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया था। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में ईव्ही फास्ट चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ भी किया। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायकगण सुनील सोनी और पुरंदर मिश्रा भी अधिवेशन में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का दायित्व मिलने के बाद नगरीय निकायों में काम करने वाले कर्मचारियों का कल्याण पहले दिन से मेरी प्राथमिकता में रहा है। पिछले एक वर्ष में अनुकंपा नियुक्ति और पदोन्नति के विषय में सक्रियता से काम हुए हैं। विभाग ने अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए 353 नए पद स्वीकृत किए हैं। साव ने कहा कि उन्होंने सभी नगरीय निकायों को इन स्वीकृत नए पदों पर 10 जनवरी तक अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। विभाग में पदोन्नति की प्रक्रिया भी लगातार चल रही है। अभियंताओं की पदोन्नति के बाद अभी 36 कर्मचारियों को सीएमओ पदोन्नत किया गया है। अन्य पदों पर भी इसकी कार्यवाही चल रही है। सभी निकायों के सेट-अप पुनरीक्षण के लिए भी हम लोग काम कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने अधिवेशन में कहा कि कर्मचारियों की जरूरतों व मांगों को लेकर सरकार संवेदनशील है। विगत एक वर्ष में वेतन के भुतान के लिए नगरीय निकायों को 373 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। लंबित वेतन के भुगतान के लिए 51 करोड़ 77 लाख रुपए जारी करने की फाइल पर आज ही दस्तखत करके आ रहा हूं। ओपीएस तथा छटवें एवं सातवें वेतनमान के एरियर्स के लिए भी हम लोग वित्त विभाग से चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विभाग निकायों के नए सिरे से वर्गीकरण के साथ ही इनकी संरचना को मजबूत करने की पहल कर रहा है। साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अधिकारियों-कर्मचारियों के हर सुख-दुख में उनके साथ है। उनकी सभी समस्याओं के निवारण के लिए तत्पर है। साव ने अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगरीय निकाय के कर्मचारी शहर के हर व्यक्ति के जीवन से जुड़ा होता है। शहरों को संवारने की महती जिम्मेदारी आप लोगों पर है। शहर और शहरवासियों को आप लोग अपना परिवार मानकर काम करेंगे तो काम के साथ बेहतर जुड़ाव होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आप लोग इस अधिवेशन से अपने निकायों को मजबूत और सुदृढ़ करने का संकल्प लेकर जाएंगे।

## बटनदार धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** दिनांक 05.01.2025 को थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत चंदखुरी मार्ग स्थित मोनेट कंपनी पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी डिगेन्द्र धीवर उर्फ डिग्गी पिता स्व. नरेन्द्र धीवर उम्र 21 साल निवासी ग्राम तुलसी बाराडेरा थाना मंदिर हसौद रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग बटनदार धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 09/25 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का है जो पूर्व में भी आबकारी एक्ट एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं में थाना मंदिर हसौद से जेल निरूद्ध रह चुका हैं।

# संपादकीय

## भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस

समझा जा सकता है कि पब्लिक- प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर बनीं सड़कों का कैसा अनुचित बोझ सड़क यूजर्स पर डाला गया गया है। अगर अतार्किक फॉर्मूले को अधिकारियों ने मंजूरी दी, तो क्या इसमें भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस नहीं की जानी चाहिए? दिल्ली- नोएडा डायरेक्ट (डीएनडी) मार्ग पर टॉल वसूली में घपले पर सीएजी की रिपोर्ट और उस आधार पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक मिसाल है। ऐसे मामले देश में कहां-कहां और कितनी संख्या में होंगे, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इस मार्ग पर प्राइवेट फर्म- नोएडा टॉल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटीबीसीएल) के टॉल वसूलने पर 2016 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रोक लगाई थी। इसके पहले सीएजी रिपोर्ट से टॉल तय करने में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ था। बीते हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। उसने एनटीबीसीएल के साथ-साथ नोएडा प्रशासन के खिलाफ भी कड़ी टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने जिन गड़बडियों की ओर ध्यान दिलाया, उनमें शामिल है- एनटीबीसीएल ने अपने अधिकारियों की अत्यधिक तनख्वाह, भत्तों आदि को पुल निर्माण लागत में जोड़ा। इसके अलावा11 करोड़ रु. लीगल खर्च, चार करोड़ रु. यात्रा खर्च, और 33 करोड़ के डीप डिस्काउंट बॉन्ड देने पर हुआ खर्च भी इसमें शामिल किया गया। कॉरपोरेट गिफ्ट्स की खरीदारी के एवज में हुए सवा 72 लाख रुपये के खर्च को भी जोड़ा गया। इन सबसे बताई गई लागत रकम बढ़ती चली गई। और इस आधार पर टॉल तय हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने टॉल तय करने के इस फॉर्मूले को सिरे से अतार्किक बताया और इस आधार पर एनबीटीसीएल को अनिश्चित काल तक टॉल वसूलने की मंजूरी देने वाले अधिकारियों की गैर-जिम्मेदारी की आलोचना की। तो अब समझा जा सकता है कि पब्लिक- प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर बनाई गईं और बन रहीं सड़कों का कैसा अनुचित बोझ सड़क यूजर्स पर डाला गया गया है। अगर अतार्किक फॉर्मूले को अधिकारियों ने मंजूरी दी, तो क्या इसमें भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस नहीं की जानी चाहिए? अनुमान लगाया जा सकता है कि सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के इस चलन में राजनेता, ठेकेदार, अधिकारी और प्राइवेट कंपनियों- सबका फायदा है। नुकसान केवल आम यूजर उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब कई शहरों में दोपहिया वाहन चालकों से भी टॉल टैक्स वसूला जा रहा है। तो क्या अब वक्त नहीं आ गया है कि इस पूरे मॉडल पर सवाल खड़े किए जाएं?

## परंपरा और कारवां

हम आज तक समझ नहीं पाए कि अपना देश कब तक यूं ही लेटे हुए चलने का अभ्यास करता रहेगा। जी, हां। हमारा दिमाग सही है, परन्तु यहां लोग 'आराम हराम है' कहकर आराम फरमाते हैं और बैठे-बैठे कुछ ऐसे भाषण दागते हैं कि जैसे अभी बिना दूसरों की मदद से आकाश में अपना उपग्रह प्रक्षेपित कर लेंगे। कभी वक्त था जब हम किसी बड़े आदमी का उपग्रह बनकर सफलता के आकाश में प्रक्षेपित होना चाहते थे। लेकिन लोगों ने देखते ही देखते अपने आकाश रच लिए और उस पर खुद ही प्रक्षेपित होकर युग बदलने का इंतजार करने लगे। अब विश्रम का नाम ही श्रम हो गया है। इसी विश्रम के साथ तरक्कियां मिल जाती हैं। उपलब्धियों के चांद-सितारे छू लेते हैं और फिर अपने आपको एक नया सूरज घोषित करते देर ही कितनी लगती है। अभी सूचना मिली है कि एक नया विभाग सरकार ने खोल दिया है। अब निर्माण में मरम्मत की संभावनाएं ढूंढने का विभाग किफायत करने के नाम पर सरकार ने इस विभाग पर करोड़ों रुपए खर्च कर दिए हैं, लेकिन मरम्मत की कहीं जरूरत ही नहीं पड़ी। अजी कहीं निर्माण होता तो मरम्मत की संभावना पैदा होती। अधूरी योजनाओं से क्या निर्माण होते हैं। एक फ्लाईओवर बनने में वर्षों लग गए, फिर कोई नई रूपरेखा बन गई। तब उसी फ्लाईओवर का कोई सुधरा हुआ रूप बनने लगा। न निर्माण पूरा हुआ, न मरम्मत की जरूरत पड़ी और मरम्मत विभाग बैठे ठाले उन भ्रष्ट लोगों की किस्मत को रो रहा है कि जिन्होंने प्रोजैक्ट पूरा नहीं होने दिया। पूरा हो जाता तो उनके लिए कुछ मरम्मत का काम भी मिल जाता। अब बैठे ठाले इतने वर्ष वेतन भत्ता तो खाते रहे, काम की गाड़ी कुछ आगे सरक जाती तो उनके लिए भी कुछ बालाई आमदन का इंतजाम मरम्मत के नाम हो जाता। अब भला बताइए निरी सूखी आय में किस राष्ट्र भक्त का गुजारा होता है। ऊपर की आमदन होती रहे, तो देश को भी भ्रष्टाचार सूचकांक में अपना दर्जा सुरक्षित रखने की सुविधा रहती है। लेकिन बन्धु अपने यहां क्रांति नहीं होती, क्रांति के पुराने नारे ठुस्स होते हैं, नए नारे गढ़े जाते हैं। अधूरी सडकें, अधूरे पुल और अधर में रुक गए फ्लाईओवर देश का बदलता हुआ चेहरा पर्यटकों के सामने पेश करते हैं। लेकिन उन्हें न समझाइएगा कि यह चेहरा ज्यों का त्यों कई वर्षों से यहीं खड़ा है। मंडियों में कभी तेजी आई नहीं, और अब यहां मंदी के नजारे भी पेश आने लगे। तरक्की के सूचकांक उछले भी नहीं, और अपनी निष्क्रियता पर देश शर्मिन्दा नजर आने लगा। लेकिन यहां अपनी शून्य कारगुजारी पर कोई शर्मिन्दा नहीं होता। बल्कि उसके लिए विपक्ष को दोषी बता दिया जाता है। हर बात का जवाब उनके पास है। आपका काम नहीं हुआ? आपका हर मन्सूबा अधूरा रह गया। आपके उपक्रमों का नफा नुक्सान में बदल गया। दुनिया बदल देने, समाज के कायाकल्प के वायदे हुए, लेकिन यह क्या किया? जब काम करने चले तो घपलों-घोटालों के साथ उन्होंने उनकी हत्या कर दी। लेकिन इन बातों से आजकल कोई चौंकता नहीं। आज जो कुर्सी पर बैठे हैं, उनके विरुद्ध घपलों-घोटालों के आरोप हवा में तैरते हैं, तो परेशानी क्या? सीधा जवाब हाजिर है, तनिक अपना युग याद कर लीजिए। विपक्षियो, जब आपका युग था, तो आपने इससे भी बड़े-बड़े घोटाले किए थे। एक को भी हवा नहीं लगने दी थी। हवा लग गई तो तुरंत जांच कमीशन के ठंडे बस्ते स्थापित कर दिए। इतने वर्ष बीत गए। आपका युग गया, हमारा युग आ गया। यह जांच सुरसा की आंत की तरह बढ़ती और मुंह की तरह खुलती ही चली गई। कभी रिपोर्ट आई और धूल फांकती रही। विवश किसी रिपोर्ट पर कार्रवाई करनी पड़ी, तो भ्रष्ट नेता अपने को आरोपित कह कर हाथी पर सवार होकर जेल गए। बंधु, आरोपित होना कोई अपराध नहीं होता। मुकद्दमा चलना कोई अपमान नहीं होता, बल्कि हमने तो कानून प्रक्रिया का सामना करके इस देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। चाहे कितने ही नए कानून बन जाएं, लेकिन अदालतों में तारीख पर तारीख का मकडज़ाल कभी खत्म नहीं होगा, यही हमारी सहायता करेगा।

# स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक

**ललित गर्ग**



शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है।

शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है।

छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है।

भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है। आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए। कंप्यूटर आज के समय में विलासिता नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य जरूरत है।

नया भारत बनाने के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के ज़रिए ही देश का विकास होता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। हालांकि, कई स्कूल अभिभावकों और छात्रों को बनाए रखने और आकर्षित करने के लिए संघर्ष करते हैं। इन संघर्ष की स्थितियां का नियंत्रित होना जरूरी है। इसी से भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था एवं विश्व गुरु होने का दर्जा पा सकेगा। क्योंकि शिक्षा दृष्टि और दृष्टिकोण को बढ़ाती है, जिससे समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। इससे उन्नत एवं चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण होता है एवं देश विकास की ओर अग्रसर होता है। सामाजिक न्याय के क्षेत्र में प्रगति करने की इच्छा भी बढ़ती है, अन्याय, भ्रष्टाचार, हिंसा, असमानता और सांप्रदायिकता आदि से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। शिक्षा एक ऐसे लोकतंत्र को सुनिश्चित करती है जिसमें एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज शामिल हो। यह आर्थिक रूप से वंचित समूहों के उत्थान में भी मदद करता है और कई नौकरी और रोजगार के अवसरों का निर्माण सुनिश्चित करता है। एक सभ्य शिक्षा प्रणाली विचारों, ज्ञान और अच्छी प्रथाओं का शांतिपूर्ण आदान-प्रदान सुनिश्चित करती है। यह अपराध और आतंकवाद को कम करने में मदद करता है; इस प्रकार, कानून और व्यवस्था के मुद्दों को नियंत्रण में रखा जाता है। एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने के साथ-साथ भाईचारे की भावना को बढ़ाने में मदद करती है।

भारतीय परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच एक बड़ी बाधा है। उचित बुनियादी ढांचे की कमी और शिक्षा के प्रति समाज के कई वर्गों में कम उत्साह के कारण भारत में शिक्षा के लक्ष्य पूरे नहीं हो पाते हैं। शिक्षा प्रणाली में कुछ चुनौतियाँ हैं जिनके कारण भारत इष्टतम विकास को पूरा करने में सक्षम नहीं है। भारत में शिक्षा के परिदृश्य को बेहतर बनाने एवं छात्रों के नामांकन को बढ़ाने के लिए उन नीतियों पर सख्ती से काम करने की आवश्यकता है जो भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली सुनिश्चित करें।

# हम किसी क्रांति की कसौटी पर खरे नहीं उतरे

**अजीत द्विवेदी**

इक्कीसवीं सदी का 25वां साल शुरू हो गया। सबको बधाई! मंगल शुभकामनाएं! वर्ष 2025 समाप्त होगा तो यह सदी एक चौथाई गुजर चुकी होगी। इतिहास में इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिलता है कि धरती के इंसानों ने किसी और सदी का इतना इंतजार किया हो। सदियां आती थीं और चली जाती थीं। परंतु 21वीं सदी की प्रतीक्षा और उसके लिए तैयारियां बहुत पहले शुरू हो गई थी। भारत में 1984 में जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने तब उन्होंने और उनके सहयोगियों ने कहा कि वे भारत को 21वीं सदी में ले जाने के लिए तैयार कर रहे हैं। पिछले दिनों जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह गुजरे तो कहा गया कि 1991 में जब वे वित्त मंत्री बने थे तब उन्होंने भारत को ज्यादा मजबूती के साथ 21वीं सदी में जाने के लिए तैयार किया। अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में भी कहा जाता है कि 1998 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम बनाया। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सदी की चुनौतियों से आगे सहस्राब्दी यानी अगले एक हजार साल की बात कर रहे हैं और भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

सवाल है कि क्या 21वीं सदी के इस मुकाम पर भारत वही है, जो संचार क्रांति के जरिए राजीव गांधी या अर्थ क्रांति के जरिए मनमोहन सिंह या परमाणु परीक्षण और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के जरिए अटल बिहारी वाजपेयी बनाना चाहते थे और क्या नरेंद्र मोदी के अमृत काल की नीतियां भारत को इस सहस्राब्दी में सबसे महान बना देंगी? बहुत गहरे अतीत और विस्तृत भविष्य के प्रिज्म में इन सवालों को देखेंगे तो उसका दायरा बहुत बड़ा हो जाएगा। तब भी आकलन का आधार यही होना चाहिए कि अलग अलग प्रधानमंत्रियों ने भारत को जिस चीज के लिए तैयार किया उसे हम हासिल कर पाए या नहीं। इसी आधार पर यह आकलन किया जा सकता है कि भारत किस मुकाम पर है और यहां से इसका आगे का सफर कैसा हो सकता है। यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि भारत को 21वीं सदी में लाने की जितनी तैयारियां हुई थीं उसके अनुपात में हम बहुत कुछ हासिल नहीं कर पाए। संचार क्रांति की तमाम चर्चाओं के बावजूद हम उस क्रांति के वाहक नहीं बन सके। हम उस क्रांति से पैदा हुए उत्पादों के उपयोक्ता भर हैं। सोचें, पिछले साल की संचार क्रांति पर! पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई की उपलब्धियों से चमत्कृत है लेकिन इस क्रांति में भारत कहां है? भारत में एआई के इस्तेमाल से ठगी की जा रही है और नेता बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर एआई से जेनरेट करके अपने को आशीर्वाद दिलवा रहे हैं ताकि चुनाव में दलित वोट हासिल कर सकें। जिस तरह हम कंप्यूटर के उपयोक्ता हुए, टेलीफोन, मोबाइल फोन और इंटरनेट के हुए उसी तरह एआई के भी उपयोक्ता होंगे। हम आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस का कोई अपना उत्पाद नहीं बनाएंगे, जिसे दुनिया इस्तेमाल करे। दुनिया में बनने वाले उत्पादों का हम इस्तेमाल करेंगे। पिछले 24 साल में हम तकनीकी उत्पादों का सबसे बड़ा बाजार बन गए हैं क्योंकि हमारी आबादी 140 करोड़ है। यह स्थिति तब तक नहीं बदलेगी, जब तक शोध और विकास पर खर्च नहीं बढ़ेगा। दुर्भाग्य से भारत में न तो सरकारों की मंशा शोध पर खर्च करने की है और न भारत के उद्यमियों में इतना साहस और इतनी दूरदृष्टि है कि वे शोध पर खर्च करें। इसका नतीजा यह है कि हमारी तकनीकी उपलब्धियों का जो है शिखर है यानी इसरो, उसे भी चार हजार किलो वजन से ज्यादा का उपग्रह अमेरिका के एक उद्यमी इलॉन मस्क के स्पेस स्टेशन से लॉन्च कराना पड़ता है। यह परिघटना पिछले साल यानी 2024 की है। उम्मीद करनी चाहिए कि 2025 में हम उन उपलब्धियों को हासिल करने की ओर बढ़ेंगे, जिन्हें अमेरिका के एक निजी उद्यमी ने अपने विजन, साहस और अपने निवेश के दम पर हासिल किया है। फिलहाल तो संचार और तकनीक की क्रांति की हमारी कुल जमा उपलब्धि यह है कि हमारे यहां 45 करोड़ लोग फेसबुक यूजर हैं और यूट्यूब के रील्स देखने में सबसे ज्यादा घंटे हम लोग गुजारते हैं। दुनिया के अर्थशास्त्रियों के लिए आर्थिक क्रांति का मतलब भले यह होता है कि उससे आम लोगों की जिंदगी बदल गई, उनका जीवन स्तर बेहतर हो गया, उन्हें अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधा मिल रही है और उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो गई लेकिन भारत के लिए आर्थिक क्रांति का मतलब है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में पांच किलो अनाज दिया जा रहा है, 50 करोड़ लोगों के जन धन खाते खुले हैं।

# बल्लेबाजों ने बेड़ा गर्क किया, आस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती टेस्ट सीरीज

**आदर्श प्रकाश सिंह**




खराब प्रदर्शन करके भारतीय क्रिकेट टीम ने दुनिया भर में अपनी प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। आस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज में 3-1 से मिली पराजय कई खिलाड़ियों का भविष्य भी तय करेगी। न्यूजीलैंड ने पिछले साल भारत के दौरे पर आकर 3-0 से हमारा सफाया किया था। इतना शर्मनाक प्रदर्शन करने के बाद भी हमारे खिलाड़ियों की नींद नहीं टूटी। वे आस्ट्रेलिया दौरे में अपना यही प्रदर्शन दोहराते रहे। इसका नतीजा हम सबके सामने है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो बाकी सभी ने निराश किया है। लगातार दो सीरीज में मिली इस पराजय के कारण भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की दौड़ से बाहर हो गया है। जून में इंग्लैंड के लार्ड्स के मैदान पर होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अब दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला होगा। पिछले दो बार के फाइनल में भारत पहुंचा था लेकिन जीत हासिल नहीं हुई थी। एक बार न्यूजीलैंड ने तो दूसरी बार आस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को हरा दिया था।

कंगारुओं ने जिस तरह हमारा मान मर्दन किया है वह बहुत दिनों तक खेल प्रेमियों को सालता रहेगा। पर्थ में पहले टेस्ट मैच में जीत के साथ शुरुआत करने के बाद भारतीय खेमा जिस तरह लड़खड़ाया उसकी दूसरी मिसाल नहीं मिलेगी। वरिष्ठ खिलाड़ियों का बल्ला पूरी तरह खामोश रहा। आउट ऑफफार्म कप्तान रोहित शर्मा ने तो खुद को आखिरी टेस्ट से बाहर ही कर लिया। पांच पारियों में उनके बल्ले से महज 31 रन निकले। विराट कोहली ने पर्थ में शतक लगाकर सुखद संकेत दिया लेकिन बाद के मैचों में रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए। इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों से बड़ी उम्मीद थी लेकिन इन्होंने टीम का बेड़ा गर्क कर दिया। बीसीसीआई को इन दोनों के भविष्य के बारे में विचार करना होगा। टी-20 से ये दोनों संन्यास ले चुके हैं और काफी समय से टेस्ट मैचों में लचर प्रदर्शन जारी है। आखिर यह दौर कब तक चलेगा? बड़े नाम वाले खिलाड़ी कब तक टीम पर बोझ बने रहेंगे? कहना गलत नहीं होगा कि बल्लेबाजों की नाकामी से भारत को यह हार नसीब हुई है।

युवा यशस्वी जायसवाल सीरीज में 391 रन बना कर टॉप पर रहे। एक शतक और दो अर्ध शतक उनके नाम रहे। अनुभव के साथ वह परिपक्व होते जाएंगे लेकिन दूसरे ओपनर केएल राहुल ने बहुत निराश किया है। वह दस साल से खेल रहे हैं लेकिन अहम मौकों पर उन्होंने अपना विकेट गंवा दिया। सिर्फदो अर्ध शतकों के साथ उनके खाते में 276 रन हैं। राहुल का करियर भी दांव पर है। युवा शुभमन गिल ने पिछले आस्ट्रेलियाई दौरे में बेहतर प्रदर्शन किया था, मगर इस बार गिल ने काफी निराश किया। एक भी पचासा उनके बल्ले से नहीं निकला। ऋषभ पंत गैर जिम्मेदाराना शाट लगाकर आउट होने के लिए विख्यात हैं। पांच साल से खेलने के बाद भी पंत का रवैया नहीं बदला है।

युवा नीतीश रेड्डी ने मेलबर्न में शतक लगाकर सभी को प्रभावित किया है। उनके खाते में 298 रन हैं। एक आलराउंडर की भूमिका के लिए नीतीश को आगे के लिए तैयार किया जा सकता है। रवींद्र जडेजा ने एक अच्छी पारी खेली लेकिन उन जैसे सीनियर बैटर से और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा थी। गेंदबाजी में भी वह कोई कमाल नहीं दिखा सके। टेस्ट प्रारूप में कप्तान का संकट भी दिख रहा है। रोहित यदि हटाए जाते हैं तो किसे यह जिम्मेदारी दी जाएगी। बुमराह ने अकेले दम गेंदबाजी का भार उठाए रखा। मोहम्मद शमी की कमी बहुत खली। बुमराह ने सीरीज में कुल 32 विकेट लिये। उन्हें 'प्लेयर ऑफद सीरीज' चुना गया है। टेस्ट कॅरियर में बुमराह के 200 विकेट पूरे हो गए हैं। सिडनी टेस्ट की आखिरी पारी में चोटिल होने के कारण बुमराह गेंदबाजी नहीं कर सके वर्ना मैच का नतीजा बदल भी सकता था। सिराज ने बुमराह के जोड़ीदार की भूमिका निभाई, पर वह असरदार नहीं रहे। सिराज ने 20 विकेट लिये। टेस्ट मैचों में उनके सौ विकेट हो गए हैं। दौरे के बीच में ही स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के निर्णय ने सभी को चौंकाया। इससे यह भी पता चला कि टीम में सबकुछ ठीक नहीं है। अश्विन को केवल एक टेस्ट एडीलेड में खिलाया गया। अगला टेस्ट ब्रिसबेन में था जिसमें जडेजा को उतारा गया। इसी टेस्ट के दौरान अश्विन ने संन्यास का ऐलान कर दिया। वह भारत लौट भी आए। अश्विन सीनियर खिलाड़ी हैं। विदेशी दौरों पर उनको कई बार बाहर बैठाया गया है। कोच गौतम गंभीर का बर्ताव भी सुर्खियों में रहा। कई खिलाड़ी उनको लेकर सहज नहीं हैं। बीसीसीआई को जल्द ही इस हार की समीक्षा करके कुछ कड़े निर्णय लेने चाहिए। टीम से बड़ा कोई नहीं है।



# ध्वनि प्रदूषण याददाश्त को करता है कमजोर

स्कूल जाते समय बच्चों के स्कूल रूट में ज्यादा ट्रैफिक होने से बच्चों की मेमोरी कमजोर होती है। स्पेन के बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के शोधकर्ताओं ने बार्सिलोना के 38 स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर किए शोध में यह बात सामने आई है। 7 से 10 साल के 2,680 बच्चों पर हुए इस शोध में सामने आया कि बाहरी शोर के स्तर में 5 डेसिबल की भी वृद्धि होती है तो याददाश्त क्षमता 11.5% कम हो जाती है। वहीं, कठिन कामों को करने की क्षमता का विकास भी 23.5% तक प्रभावित होता है। इसके चलते पढ़ाई पर फोकस 4.8 % तक घट जाता है। भविष्य में ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए स्कूलों को ऐसी जगह बनाया जाना चाहिए जहां शोर व ट्रैफिक कम हो। भविष्य में ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए स्कूलों को ऐसी जगह बनाया जाना चाहिए जहां शोर व ट्रैफिक कम हो। इस शोध के लेखक जोर्डी सनयर ने बताया कि हमारी रिसर्च इस थ्योरी का समर्थन करता है कि बचपन एक कमजोर अवधि है। ध्वनि प्रदूषण किशोरावस्था से पहले होने वाले याददाश्त क्षमता के विकास की प्रक्रिया को धीमा करता है। भविष्य में इसे देखते हुए स्कूलों को ऐसी जगह बनाया जाना चाहिए जहां शोर व ट्रैफिक कम हो।

बाहरी और अंदर के शोर की तुलना में शोधकर्ताओं ने पाया कि शोर वाले खेल के मैदानों वाले स्कूलों में बच्चों ने सभी परीक्षणों में खराब प्रदर्शन किया।

हालांकि, शोरगुल वाली कक्षाएं केवल बच्चों के ध्यान को प्रभावित करती हैं, न कि उनकी मेमोरी को। अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉ मारिया फोस्टर ने कहा कि इस खोज से पता चलता है कि कक्षा के अंदर का शोर औसत डेसिबल स्तर से ज्यादा होने पर न्यूरोडेवलपमेंट के लिए खतरा साबित हो सकता है। यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट फॉर प्राइमरी केयर रिसर्च जोर्डी गोल के शोधकर्ताओं ने 9 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों पर किए शोध में पाया कि ज्यादा वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और ट्रैफिक वाले क्षेत्र में रहने वाले बच्चों में मोटे होने की संभावना अधिक होती है।

# स्टाइलिश और ट्रेंडी सनग्लासेज़

क्या आप भी सनग्लासेज की शॉपिंग करते वक्त कनफ्यूज रहते हैं कि किस तरह के गॉगल्स चेहरे पर अच्छे लगेंगे और कौन से गॉगल्स ट्रेंड में हैं साथ ही जो धूप से भी बचाएं? तो आज हम आपको ऐसे ही कुछ ट्रेंडिंग सनग्लासेज़ के डिजाइन्स के ऑप्शन्स बताएंगे जो न सिर्फ आपको धूप से बचाएंगे बल्कि आपकी पर्सनैलिटी पर भी जंचेंगे।

### स्टाइलिश एविएटर्स

ये सनग्लासेज ट्रेंड में इन हैं और हर एक पर्सनैलिटी को सूट करते हैं। दिखने में स्टाइलिश लगने वाले एविएटर्स अलग-अलग कलर्स में मार्केट में अवेलेबल हैं। डार्क ग्रीन, ब्लू, ग्रे और ब्लैक एविएटर्स की डिमांड सबसे ज्यादा है। और गर्मियों के लिए काफी अच्छा ऑप्शन है।

### ओवरसाइज़्ड सनग्लासेज

ओवरसाइज्ड सनग्लासेस काफी समय से फैशन में इन है। हां इनके फ्रेम्स में एक्सपेरिमेंट्स देखने को मिलते रहते हैं। राउंड की जगह ज्योमिट्रिक, स्क्वॉयर शेप के फ्रेम ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।

### बोल्ड एंड ब्यूटीफुल वेफेरर्स

वेफेरर्स चश्मे खासतौर पर उन लोगों के लिए बने होते हैं जो ट्रैवल करते हैं। पहले इनका फैशन उतार और चढ़ाव में था, लेकिन अब ये आज के फैशन में फिट होते हैं। इनकी खास बात यह है कि ये हर चेहरे पर अच्छे लगते हैं।

### कलरफुल फ्रेम

इस बार भी चश्मों के कलर्स में कैंडी कलर्स की बहार देखने को मिल रही है। लाल पीले, हरे, नीले पूरी तरह से कैंडी कलर्स का रंग आपके चश्मे के साथ आपको भी कूल लुक देगा। जितना अलग रंग होगा, उतना ही फैशन के करीब माना जाएगा।



### वेलवेट फ्रेम सनग्लासेज

वेलवेट चश्मों पर हर किसी की नजर होती है। ये कई शेड्स में स्टोर पर मौजूद होते हैं। इस तरह का चश्मा आप किसी भी ड्रेस पर पहन सकते हैं।



## हेयर फॉल के लिए फायदेमंद है

# सरसों का तेल

बालों के लिए सरसों के तेल का इस्तेमाल आज से नहीं बल्कि दादी-नानी मां के जमाने से किया जा रहा है। आपने नोटिस किया होगा तो देखा होगा कि बुढ़ापे में भी उनके बालों की चमक, लंबाई, मोटाई वैसी ही नजर आती थी जैसे जवानी में, लेकिन आजकल की लाइफ में देखरेख की कमी के अलावा अनहेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल से भी बालों की क्वॉलिटी पर बहुत असर पड़ा है। तो अगर आप भी हेयर फॉल, डैंड्रफ, रफ एंड डल हेयर जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं तो इनसे छुटकारा पाने के लिए सरसों के तेल में मिलाकर लगाएं ये सारी चीज़ें और फिर देखें इसका जादू।



### सरसों तेल के साथ दही

- बालों की लंबाई के हिसाब से सरसों तेल लेकर उसमें दही मिक्स करें।
- दोनों ही चीज़ों को अच्छी तरह पहले फेंट लें।
- स्कैल्प और बालों की लंबाई तक लगाकर अच्छे से लेकिन हल्का जूड़ा बना लें। टॉवेल से लपेटकर 30-40 मिनट के लिए छोड़ दें।
- इसके बाद इसे किसी माइल्ड शैंपू से धो लें।
- ये पैक लगाने के बाद बालों में अलग ही चमक और सॉफ्टनेस नजर आती है।

### सरसों के तेल के साथ एलोवेरा जेल

- एक बाउल में सरसों का तेल और एलोवेरा जेल मिक्स करें।
- पूरे बालों में इस पेस्ट को अच्छी तरह लगाएं।
- एक घंटे तक इस पेस्ट को बालों मे लगाकर रखें फिर शैंपू और कंडीशनर लगाकर धो लें।
- ये पेस्ट बालों की डैमेजिंग रोकता है।

### सरसों के तेल के साथ नींबू का रस

- एक बाउल में सरसों का तेल, नींबू का रस और मेथी पाउडर की समान मात्रा एक साथ मिक्स करें।
- बालों में इसे लगाकर एक घंटे के लिए छोड़ दें।
- इसके बाद शैंपू कर लें। लगातार इस्तेमाल से बालों की क्वॉलिटी सुधरने लगेगी।
- सेंसिटिव स्कैल्प के लिए तो ये पैक बहुत ही ज्यादा फायदेमंद है।

### सरसों के तेल के साथ केला

- पके हुए केले और सरसों के तेल को एकसाथ मिक्स करें।
- इसमें आप चाहें तो दही भी मिक्स कर सकती है।
- इस पैक को स्कैल्प के साथ ही बालों की पूरी लंबाई में भी लगाना है।
- बेहतर रिजल्ट के लिए हफ्ते में दो बार इस्तेमाल करें।

# ट्राई करें मैंगो रबड़ी कुल्फी



**सामग्री :**
आम का गूदा, कटे हुए आम, केसर, दूध कॉर्नफ्लोर, फुल क्रीम मिल्क, शक्कर, इलायची

**कैसे बनाएं?**
घर पर मैंगो रबड़ी कुल्फी बनाने के लिए सबसे पहले गर्म दूध में केसर को कुछ देर के लिए भिगो कर रख दें और इसे अच्छे से मिक्स करें। अब एक कटोरी में कॉर्न फ्लोर और पानी को अच्छे से मिक्स करें और एक तरफ रख दें। अब एक पैन में दूध गर्म करें और फिर इसे मीडियम आंच पर कम से कम 7 से 8 मिनट के लिए गर्म करें। अब कॉर्न फ्लोर के पानी और शक्कर को मिलाएं और फिर धीमी आंच पर पकने दें। इसे धीमी आंच पर करीब 15 से 20 मिनट के लिए पकाना है। ध्यान रखें की बीच-बीच में इसे चलाते रहें. 20 मिनट के बाद आंच को बंद करें और फिर इसे ठंडा होने दें। जब तक आप रबड़ी तैयार करें। इसे बनाने के लिए आप दूध को गर्म करें और धीमी आंच पर इसे पकने दें। जब दूध गाढ़ा हो जाए तो इसमें शक्कर मिलाएं। और रबड़ी को तैयार करें। अब आपका मिश्रण अच्छे से ठंडा हो गया होगा तो इसमें आम का गूदा, केसर का दूध, और इलायची पाउडर डाल दें और अच्छे से मिक्स करें। अब कुल्फी बनाने के सांचे में आम कुल्फी का गूदा डालें और फिर इसमें रबड़ी डालें फिर दोबारा इसे आम मिश्रण से कवर करें। अब इसे फ्रिज में रात भर के लिए रख दें। अब खाने से पहले सांचे को बाहर निकानें और फिर लकड़ी की स्टिक को इसके सेंटर में डालें और कुल्फी को बाहर निकालें।

ईश्वरचंद विद्यासागर ज्ञान का भंडार थे और इस वजह से उन्हें विद्यासागर की उपाधि दी गई थी। जब उन्हें अपनी पहली कमाई मिली तो वे सोने के कंगन बनवाकर अपनी मां के पास पहुंचे। उनकी माता भगवती देवी ने कंगन देखे तो विद्यासागर ने कहा, 'मां आपको याद होगा।



# जीवन मंत्र : बच्चे बड़ो से ही सीखते हैं संस्कार

जब मैं छोटा था तो अपने घर एक गरीब महिला कुछ मांगने के लिए आई थी। आपने उसे थोड़े से चावल दिए थे। उस समय मैंने आपसे कहा था कि इससे उसका काम नहीं चलेगा। आपने अपने कंगन उतारकर उसे दे दीजिए। वह उस गरीब महिला के लिए ज्यादा काम का रहेगा। आपने कंगन उतारकर मुझे दे दिए थे।

मैंने उस समय आपसे कहा था कि जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तो आपके लिए नए कंगन बनवा दूंगा। आज मैं आपके लिए कंगन ले आया हूं।' उस समय मां भगवती देवी ने कहा, 'मुझे भी याद है और तुझे भी याद है, लेकिन एक बात तू भूल रहा है। मैंने ये भी कहा था कि जब समर्थ हो जाओ तो गरीबों के लिए दो काम जरूर करना। शिक्षा केंद्र बनाना और उनके स्वास्थ्य के लिए अस्पताल बनवाना। आज तुम बहुत विद्वान हो, समाज सुधारक हो। लोग तुम्हारी बात सुनते हैं। अब मेरी उम्र कंगन पहनने की नहीं है। इन कंगन की जगह तू कलकत्ता में ये दो काम कर दे।' बाद में ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने ये दोनों काम किए थे।

**सीख**
मां-बेटे की इस बातचीत में हमारे लिए संदेश है। माता-पिता अगर ऐसे अच्छे विचार रखेंगे तो उनकी संतानें समाज में राष्ट्र में अद्भुत काम करेंगे। संस्कार माता-पिता के आचरण से मिलते हैं, किसी स्कूल-कॉलेज से नहीं मिलते।

भागदौड़ भरी लाइफ में आजकल थकान बहुत ही आम सी समस्या हो गई है। अगर आप सुबह उठते ही खुद को थका हुआ महसूस करते हैं तो अपने खानपान पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। थकान को दूर करने के लिए आप कुछ फूड्स अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। जी हां थकान की वजह थाली में कुछ चीजों की कमी हो सकती है। इसलिए थकान महसूस होने पर अपने खानपान पर जरूर ध्यान दें। चलिए हम यहां आपको बताएंगे कि थकान होने पर आपको किन चीजों को अपनी थाली में शामिल कर लेना चाहिए? थकान होने पर थाली में शामिल करें ये चीजें–



# जरा सा काम करने में ही हो जाती है थकान?

## खाने में शामिल करें ये चीजें, बॉडी में दिनभर रहेगी एनर्जी

**पालक**- पालक विटामिन बी और आयरन का स्त्रोत होती है। इसका सेवन करने से आपकी बॉडी में फुल एनर्जी आ जाती है जो थकान को कम करने का काम करता है। जी हां गहरे रंग की यह पत्तेदार सब्जी बॉडी की ऊर्जा बढ़ाने में मददगार है। बता दें बॉडी में आयरन की की के कारण थकान महसूस हो सकती है इसलिए अपने खाने की थाली में पालक को जरूर शामिल करें।

**केला**– केला पोटेशियम से भरपूर होता है। अगर आप थका हुआ महसू कर रहे हैं तो आप केले का सेवन करें। ऐसा इसलिए क्योंकि केला खाने से आपकी बॉडी में तुरंत एनर्जी मिलती है। इसलिए केले का सेवन रोजाना जरूर करना चाहिए।

**अंडा**– अंडा एक बेहतरीन स्त्रोत है जो बॉडी को निरंतर ऊर्जा प्रदान करने का काम करता है। अगर आप अंडा खाते हैं तो थकान महसूस होने पर इसका सेवन कर सकते हैं। आप अंडे को उबालकर भी खा सकते हैं।

**दलिया**– तुरंत ऊर्जा बढ़ाने के लिए दलिए का सेवन किया जा सकता है। दलिया में कार्ब्स होते हैं जो बॉडी को एनर्जी देने का काम करते हैं।

# सर्दियों में पिएं पालक का सूप



**सर्दियों में हड्डियों से जुड़ी समस्या होना आम है। खासकर उन लोगों को परेशानी होती है, जिन्हें गठिया या पुरानी चोट की शिकायत होती है। ऐसे में इस मौसम में आप हड्डियों को मजबूती देने के लिए पालक का सूप पी सकते हैं। इसका नियमित सेवन करने से हड्डियों को ताकत मिलती है। चलिए जानते हैं पालक का सूप हड्डियों को किस तरह से फायदा पहुंचा सकता है। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट लवनीत बत्रा ने जानकारी साझा की है।**

### पालक का सूप पीने के फायदे?

पालक में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सूजन और दर्द को कम करने में मददगार होते हैं। इसके अलावा पालक में कैल्शियम की बहुत ही अच्छी मात्रा होती है जो हड्डियों के विकास और मजबूती के लिए जरूरी है।

### इससे हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने में मदद मिलती है

इसमें विटामिन के भी होता है जो की हड्डियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है। फ्रैक्चर का जोखिम कम होता है।

पालक के सूप का सेवन करने से मैग्नीशियम और फास्फोरस की कमी पूरी हो सकती है। यह दोनों ही हड्डियों की संरचना को बनाए रखने में योगदान करते हैं। मैग्नीशियम, कैल्शियम के साथ मिलकर हड्डियों को स्वस्थ बनाता है। यह विटामिन डी के लेवल को रेगुलेट करने में मदद करता है।

### कैसे बनाएं पालक का सूप :

सबसे पहले पालक के पत्तों को अच्छी तरह से धोकर उनका डंठल हटा लें।

फिर पत्तों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट ले, एक पैन में थोड़ा घी या तेल गर्म करें।

अब इसमें कटी हुई अदरक लहसुन और प्याज डालकर सुनहरा होने तक भून लें।

WhatsApp काफी पॉपुलर इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप है। इससे पर कई लोगों के पर्सनल चैट्स भी होते हैं। लेकिन, जब आप किसी को फोन देते हैं तो आप नहीं चाहते हैं कि वो आपके किसी पर्सनल चैट्स को देखें। ऐसे में आप उसे WhatsApp पर हाइड कर सकते हैं। इसके अलावा आप गैर-जरूरी चैट्स को भी हाइड कर सकते हैं। इससे ऐप की होम-स्क्रीन पर आपको ऐसे चैट्स नहीं दिखेंगे।



# WhatsApp में इस ट्रिक से करें पर्सनल चैट्स को हाइड

इसके लिए आपको Archived Chats फोल्डर फीचर का यूज करना होगा। Archived Chats में नए मैसेज आने के बाद भी ये चैट की मेन लिस्ट में नजर नहीं आएगा। WhatsApp की मेन लिस्ट में ये Archived Chats तभी दिखेंगे जब आप इसे मैन्युअली अनअर्काइव करेंगे। इस फीचर को कंपनी ने कुछ समय पहले जारी किया था। पहले Archived Chats में नया मैसेज आने पर चैट मेन लिस्ट में आ जाता था। यहां पर आपको WhatsApp चैट्स को हाइड करने का पूरा तरीका स्टेप बाय स्टेप बता रहे हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले मोबाइल में WhatsApp को ओपन करना होगा। ऐप ओपन हो जाने के बाद उस चैट को होल्ड करके रखें जिसे आप Archived करना चाहते हैं। चैट होल्ड करके रखने से आपको टॉप बार में Archive का एक बटन दिखाई देगा। इस बटन पर क्लिक करके आप सेलेक्टेड चैट को अर्काइव कर सकते हैं। आप सभी वॉट्सऐप चैट्स को भी Archived कर सकते हैं। इसके लिए चैट पर टैप करके आप More Options पर जाना होगा। इसके बाद आपको सेटिंग में जाना होगा। फिर आपको चैट्स पर टैप करना होगा। यहां से आपको चैट हिस्ट्री में जाना होगा। चैट हिस्ट्री में जाने के बाद Archive all chats पर क्लिक कर दें। आपको बता दें अगर कोई आपको Archived चैट में टैग करता है तो आपको इसका नोटिफिकेशन मिलेगा।

# ऑलिव ऑयल और चीनी के स्क्रब से दूर होंगी त्वचा की कई समस्याएं

ऑलिव ऑयल, चीनी और हल्दी के स्क्रब से आप चेहरे को साफ करने के साथ ही त्वचा को बेदाग बना सकते हैं। इस स्क्रब से दाग धब्बे दूर होते हैं। इसका पेस्ट बनाने के लिए आप आधा कप ऑलिव ऑयल लें और उसमें करीब दो चम्मच चीनी मिला दें। इसके बाद आप इसमें चुटकी हल्दी मिला दें। ध्यान दें कि ज्यादा हल्दी का उपयोग न करें। इससे त्वचा में पीलापन आ सकता है। इस पेस्ट को चेहरे पर मसाज करते हुए हल्के हाथों से लगाएं। करीब 10 से 15 मिनट बाद चेहरे को वॉश कर लें।

इस स्क्रब को बनाने के लिए आप करीब आधा कप ऑलिव ऑयल ले लें। इसके बाद इसमें करीब दो चम्मच चीनी मिला लें। इसके मिश्रण को आप अच्छी तरह मिक्स करें। जब ये दोनों चीजें मिल जाए तो इसमें विटामिन ई की दो टैबलेट को घोल दें। इससे बाद आपको स्क्रब तैयार है। इस स्क्रब को चेहरे पर सर्कुलर मोशन पर मसाज करते हुए लगाएं। करीब दस मिनट तक चेहरे पर इससे मसाज करें। कुछ देर बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें।



ऑलिव ऑयल और चीनी के स्क्रब में आप ग्रीन टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। आपने ग्रीन टी के बारे में सुना ही होगा। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के साथ ही एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुण भी होते हैं, जो त्वचा से झांइयां और एक्ने को दूर करने के काम करती हैं। इसे बनाने के लिए आप करीब आधा कप ऑलिव ऑयल में दो बड़े चम्मच चीनी मिलाएं। इसके बाद ऊपर से ग्रीन टी का एक बैग खोलकर इसमें डाल दें। अब इससे आप चेहरे को एक्सफोलिएट कर सकते हैं। इसे चेहरे पर करीब 20 मिनट तक लगाएं। इसके बाद चेहरा धो लें। कुछ ही दिनों में आपको रिजल्ट दिखने लगेंगे।



# कोहनी और घुटने के कालापन को ऐसे करें दूर

शरीर में हार्मोन असंतुलन, तेज धूप, घर्षण यानी फ्रिक्शन, त्वचा संबंधी बीमारी, डेड स्किन के चलते कोहनी और घुटनों और अंडर आर्म्स पर कालापन आ जाता है। विशेषज्ञों की मानें तो शरीर में विटामिन की कमी के चलते भी ऐसी समस्या होती है। इसके लिए हमेशा संतुलित आहार लेना चाहिए। वहीं, जोड़ों के घर्षण यानी जॉइंट्स फ्रिक्शन को कम करने की कोशिश करनी चाहिए। इससे कोहनी, अंडर आर्म्स और घुटनों के कालेपन को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। इसके अलावा, आप कोहनी और घुटनों के कालेपन को दूर करने के लिए इन घरेलू उपायों को जरूर अपनाएं–



### हल्दी

प्राचीन समय से हल्दी को खूबसूरती बढ़ाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। हल्दी का उपटन लगाने से चेहरे पर निखार आता है। वहीं, घुटनों और कोहनी के कालेपन को दूर करने में भी हल्दी सहायक है। इसके लिए एक चम्मच दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर घुटने और कोहनी पर लगाएं। इसके बाद हल्के हाथों से मसाज करें। फिर, गर्म पानी से धो लें।

### नारियल तेल

नारियल तेल सेहत के लिए वरदान साबित होता है। यह कोहनी और घुटनों के कालेपन को भी दूर करता है। इसके लिए रोजाना नहाने के बाद नारियल तेल लगाएं। इसके बाद कुछ देर तक मसाज करें। इससे कोहनी और घुटनों का कालापन दूर होता है।

### एलोवेरा

त्वचा के लिए एलोवेरा रामबाण है। इसके इस्तेमाल से त्वचा में एक्स्ट्रा निखार आता है। इसमें एंटी-बैक्टिरियल और एंटी-फंगल के गुण पाए जाते हैं, जो घुटनों और कालेपन को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके लिए रोजाना रात में सोने से पहले एलोवेरा और दूध मिलाकर त्वचा पर लगाएं। अगली सुबह को सामान्य पानी से धो लें। इससे घुटनों और कोहनी का कालापन दूर होता है।

### आलू

कोहनी और घुटनों के कालेपन को आलू के रस से दूर किया जा सकता है। इसके लिए आलू को कद्दूकस कर उसका रस निचोड़ लें। अब रस को कोहनी और घुटनों पर लगाएं। कुछ देर बाद धो लें। इसके बाद कोहनी और घुटनों या अंडर आर्म्स पर मॉइश्चराइज़र लगाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### जाति सूचक गाली मामले मे भाजपा नेत्री हेमकुवर नायक गिरफ्तार



**योगेश कुर्रे/ सारँगढ़ ( समय दर्शन )।** जनपद कर्मचारी को जाती सूचक गाली देना पड़ा महगा भाजपा नेत्री हेमकुवर नायक को सारँगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया विगत 20 दिसंबर को सारँगढ़ जनपद में राशन कार्ड बनवाने को लेकर हंगामा मचा हुआ था जिसमे हेमकुवर नायक भी दूसरे जनपद का काम कराने आई थी बात बात मे विवाद हुआ और भाजपा नेत्री ने आक्रोशित होकर जनपद कर्मचारी नारद कुर्रे को जाति सूचक गाली गलौज करने लग गई और उतना ही नहीं पुरे सतनामी समाज को भी गाली देने लग गई जिससे समाज भी आक्रोषित हो चूका था उसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत किया मामला पंजीबंध हुआ और आज आरोपी को सारँगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ़्तारी से भाजपा नेत्री बौखलाई** – वही जब पुलिस मे गिरफ्तार किया तो खबर कवरेज करने पहुचे मिडिया की टीम ने फोटो विजवल लेना शुरू किया तो हेमकुंवर नायक हेम कुंवर नायक बौखला गई सिटी कोतवाली थाना परिसर में हीं भाजपा नेत्री पत्रकारों को भी धमका रही कह रही और ऊंचे आवाज मे कहती है क्यो फ़ोटो खिंच रहे थाना में है ना थाना वालो ने खिंचा है कोई नही खीचेगा और जरूरत नही मीडिया की।

### महिला की नसबंदी, लापरवाहीपूर्वक की गई,महिला की हालत चिंताजनक

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** जिला अस्पताल की महिला डॉक्टर पर आरोप है कि उन्होंने इलाज में बड़ी लापरवाही की। पीड़ित के परिवार के अनुसार, फ्री में होने वाली नसबंदी ऑपरेशन के लिए महिला डॉक्टर ने निजी अस्पताल लांबा करवा दिया और गलत ऑपरेशन किया, जिसके बाद अब महिला की हालत गंभीर है और वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है। घटना मस्तूरी निवासी विष्णु कुमार की पत्नी सुमन , जिन्होंने 20 दिसंबर 2024 को जिला अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन के लिए डॉक्टर वंदना चौधरी से परामर्श लिया था। डॉक्टर ने खून की जांच करवाई और फिर 23 दिसंबर को ऑपरेशन के लिए सुमन को निजी अस्पताल, एसकेबी हॉस्पिटल में भेज दिया। यहां पर डॉक्टर वंदना चौधरी द्वारा ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद सुमन को दर्द और उल्टियों हुई , लेकिन उन्हें 24 दिसंबर को छुट्टी दे दी गई। इसके बाद जब सुमन की हालत बिगड़ी, तो परिजनों ने उसे अपोलो अस्पताल में दिखाया, जहां जांच में पता चला कि ऑपरेशन के दौरान उसकी आंत कट गई थी, जिससे संक्रमण फैल गया है और वह अब गंभीर स्थिति में है। उन्होंने लापरवाही के खिलाफ एसकेबी हॉस्पिटल और डॉक्टर वंदना चौधरी के खिलाफकार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर, एसपी और सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा और कड़ी से कड़ी कारवाई करने की मांग की है।

### ओकाया ईवी ने ओपीजी मोबिलिटी के रूप में नया ब्रांड नाम अपनाया, अपने बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो के लिए एक नए और साहसिक दृश्य पहचान का किया अनावरण

**नई दिल्ली:** भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में, ओकाया ईवी गर्व से अपनी नई ब्रांड पहचान ओपीजी मोबिलिटी का अनावरण करता है। यह रीब्रांडिंग कंपनी की अत्याधुनिक डिज़ाइन, भविष्य के लिए तैयार प्रौद्योगिकी, और टिकाऊ, सुरक्षित उत्पादों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो भारत के गतिशील उपभोक्ता आधार की बदलती जरूरतों को पूरा करती हैं। बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, ओपीजी मोबिलिटी देश भर में एक व्यापक डीलर नेटवर्क का लाभ उठाएगी। यह ब्रांड दो उप-ब्रांडों में विभाजित होगा: फेराटो, जो प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों और स्कूटरों को समर्पित है, और ओटोपीजी, जो यात्री और माल ढुलाई जैसे तीन-पहिया वाहनों पर केंद्रित है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में, ओपीजी मोबिलिटी अपनी नई ब्रांडिंग के तहत अपना पहला उत्पाद लॉन्च करेगा और अपनी पूरी रेंज के उन्नत इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रदर्शित करेगा। इसमें मौजूदा मॉडल्स शामिल हैं जिनकी उत्पाद दक्षता में सुधार किया गया है, और अब इनमें ओपीजी मोबिलिटी का लोगो होगा। बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी में कंपनी की 40 साल की मजबूत धरोहर ने इसे भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है।

# संभागायुक्त एस.एन. राठौर ने संभागस्तरीय समीक्षा बैठक में विभागवार गतिविधियों की समीक्षा की

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने संभाग आयुक्त कार्यालय कक्ष में अधिकारियों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। संभाग आयुक्त ने सभी शासकीय कार्यालयों के प्रमुख अधिकारी को अनुशासित रूप से समय सीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिन कार्यालयों में यूनिफॉर्म निश्चित है, वहां कर्मचारी अनुशासन का पालन करते हुए गणवेश में उपस्थित होवे, ताकि नागरिकों को असुविधा न हो। कार्यालय के खुलने का समय तथा अधिकारी-कर्मचारियों की नियमित एवं समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने विशेष रूप से स्कूलों के निर्धारित समय पर खुलने और शिक्षकों तथा प्राचार्यों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्कूलों में अनुशासन बनाए रखना और बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

संभाग आयुक्त श्री राठौर ने लोक निर्माण विभाग अधिकारी को डोंगरगढ़ से खैरागढ़ तक सड़क निर्माण के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। आईआईटी भिलाई से चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के बीच स्थित नाले के ऊपर पुल निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण कराएं ताकि आवागमन को सुगम हो सके। उन्होंने चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सुविधाओं और मरीजों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विस्तार संबंधी निर्देश दिए।



संभाग आयुक्त ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को अस्पताल परिसर में सभी आवश्यक मरम्मत एवं निर्माण कार्य को पूर्ण करने निर्देशित किया है। उन्होंने क्रेडा विभाग के अधिकारी को निर्धारित स्थानों पर सोलर पैनल लगाने का कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। संभागायुक्त श्री राठौर ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हांकित कर आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने हेतु निर्देश दिये। संभागायुक्त ने अधिकारियों को पेंशन के लंबित प्रकरणों को जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अधिकारी-कर्मचारी के सेवानिवृत होने की तिथि तक पीपीओ एवं पेंशन के पूर्ण कर लिए जाए। इसके अलावा संभागायुक्त ने ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बनी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की। साथ ही उच्च गुणवत्ता के नॉइस मीटर्स से निरंतर मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया। इस अवसर पर दुर्ग संभाग अंतर्गत सभी जिलों के विभाग प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कमला कालेज में पीएम-उषा के अंतर्गत वर्कशॉप का आयोजन



**राजनांदगांव।** शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में आईक्यूएसी एवं महिला प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित एवं पीएम-उषा के द्वारा प्रायोजित सॉफ्ट कम्पोनेन्ट के अंतर्गत चार वर्कशॉप का उद्घाटन डॉ. राजेश पांडे, अतिरिक्त संचालक दुर्ग संभाग के आतिथ्य एवं सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, अध्यक्ष जनभागीदारी के द्वारा किया गया।

सॉफ्ट कम्पोनेन्ट के अंतर्गत कानूनी अधिकार के प्रति जागरूकता, महिला डिजीटल साक्षरता, संचार कौशल एवं जेंडर सेनसीटाईजेशन विषयों पर कार्यशाला का उद्घाटन दिनांक 07.01.2025 को महाविद्यालय के सभागृह में किया गया। कानूनी अधिकार के प्रति जागरूकता की मुख्य वक्ता सुश्री प्रिया कांकरिया (अधिवक्ता), महिला डिजीटल साक्षरता की मुख्य वक्ता राजू खुंटे (सहाण् प्राध्यापक), संचार कौशल के मुख्य वक्ता विवके सोनी (फाउंडर एंड डारेक्टर आरसीआई) थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती को दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।

सुश्री मणीभास्कर गुप्ता ने सभी छात्राओं को महाविद्यालय में होने वाले सभी गतिविधियों में भाग लेकर उसका लाभ उठाने कहा। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पांडे अतिरिक्त संचालक दुर्ग संभाग ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सम्बल बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बहुत से उदाहरण दिये जैसे किरण बेदी, राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मु, राज्यपाल अनुसूईया उइके आदि ने अपने जीवन में कठिन संघर्ष के बाद ये मुकाम हासिल किया। महिलाओं के लिए अपने कैरियर को आगे बढ़ाने बहुत संभावनाएं है और मेहनत से हम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है, लेकिन हमें अपने कला एवं संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. एचके गरचा ने कहा कि जेंडर सेनसीटाईजेशन को पुर्ननामांकित, पुर्नपरिभाषित, पुर्नकल्पित करना होगा। महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा समय-समय पर महिला जागरूगता कार्यक्रम किया जाता है, हमें अपने कानूनी अधिकार के बारे में पता है, लेकिन जब तक हम समाज को विशेष रूप से पुरुषों को महिलाओं के प्रति नजरियें को बदलने हेतु जागरूक नहीं करेंगें, तब तक ऐसे कार्यक्रम का कोई औचित्य नहीं है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. नीता एस. नायर ने समाज में सम्मान से जीने के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी है। साथ ही शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है, तभी हम महिलाएं समाज एवं परिवार के प्रति अपने दायित्व का सही ढंग से निर्वहन कर पायेंगे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश पांडे एवं सुश्री मणीभास्कर गुप्ता को मूमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डॉ. नीता एस. नायर ने मंचस्थ सभी सम्मानीय अतिथियों, समिति के सभी सदस्य डॉ. बृजबाला उइके, श्रीमती नीलम राम धनसाय, आलोक जोशी एवं सभी प्राध्यापकों तथा कार्यालयीन स्टाफ के जावेद सिद्दीकी, रमन साहू, धनेश पटेल एवं सभी छात्राओं का कार्यक्रम में उपस्थित होकर उसे सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## राज्य स्तरीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता राजिम में बालिका टीम बनी उपविजेता, बालक टीम को मिला तीसरा स्थान

**शंकर लहरे/ महासमुंद( समय दर्शन )।** राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में 04 से 06 जनवरी 2025 तक गोबरा नयापारा राजिम में आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले की बालक एवं बालिका टीम शामिल हुई। जिले की बालिका टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका टीम में वर्षा कोसरे, दामिनी वर्मा, दामिनी कहार, रुक्मणी साहू, सविता जोशी, माधुरी पारेश्वर, महेश्वरी चंद्राकर, हिना चक्रधारी, लविना चंद्राकर, वीना साहू, मोना साहू शामिल रहे। बालक टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसमें राहुल कुर्रे, हिमांशु तिवारी, ओम प्रकाश, यशवर्धन, शुभम मानिकपुरी, लखन पटेल, जुगेश नाथ भोई, डोमेश, लल्ला शामिल रहे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने पर खिलाड़ियों



को बादल मक्कड़, तन्मय लूनिया, नरेश चंद्राकर, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, तारिणी चंद्राकर, राजेश शर्मा, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा सोहन लाल पाटकर, अध्यक्ष शाला विकास समिति लखनू निर्मलकर, तुलेंद्र सागर, प्रदेश सह सचिव एवं जिला सचिव अंकित लूनिया, मोबीन कुरैशी, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, लोकेश साहू, सुधीर चंद्राकर, विनय भारद्वाज, गजेंद्र यादव, कमल नारायण, प्रभात सेठ, भूषण ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### अश्व प्रजाति के पशुओं के लिए नियंत्रित क्षेत्र घोषित

**धमतरी।** पशुओं में संक्रामक एवं संसर्गजन्य रोगों के नियंत्रण तथा रोकथाम अधिनियम, 2009 (2009 का 27) की धारा 6 की उपधारा (1) एवं धारा 7 की उपधारा (1) और (2) के प्रावधानों के तहत धमतरी जिले में ग्लैन्डर्स रोग के उद्भव के कारण रोग के बचाव, नियंत्रण व उन्मूलन हेतु राज्य सरकार द्वारा धमतरी नगरनिगम क्षेत्र को आगामी तीन माह के लिए अश्व प्रजाति के पशुओं हेतु ''नियंत्रित क्षेत्र'' घोषित किया गया है। उप सचिव, छ.ग. शासन, पशुधन विकास विभाग श्री सूर्यकिरण तिवारी द्वारा अश्व प्रजाति के सभी पशुओं के आवागमन को धमतरी नगरनिगम क्षेत्र में प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही धमतरी नगरनिगम क्षेत्र में अश्व में ग्लेण्डर्स रोग की पुष्टि होने के परिणामस्वरूप ''पशुओं में संक्रामक एवं संसर्गजन्य रोगों के नियंत्रण तथा रोकथाम अधिनियम 2009'' की धारा 3 अंतर्गत निहित प्रावधान अनुसार अधिनियम एवं नेशनल एक्शन प्लान फॉर कंट्रोल एण्ड इरेडिकेशन ऑफ ग्लेण्डर इन इंडिया के निर्धारित प्रावधानों, कार्यों के क्रियान्वयन, सम्पादन के लिए राज्य शासन द्वारा जिले के अधिकारियों का नामांकन किया गया है।

## थाना सरसीवा के द्वारा सूदखोरों के खिलाफ कार्यवाही

### सूदखोर शिक्षक सहित एक अन्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सरसीवा ( समय दर्शन )।** प्रार्थी दीपक चौहान निवासी सरसीवा के द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन दिया कि, वह शंभू नारायण बंजारे से रकम की आवश्यकता पड़ने पर 1 साल पहले 96 हजार रुपए लिया था लिए गए रकम को प्रार्थी के द्वारा आरोपी को वापस कर दिया गया था परंतु आरोपी के द्वारा प्रार्थी को 15त्न की ब्याज दर से 196000 देनदारी का स्टांप पेपर में लिखा पढ़ी करा लिया था ब्याज के रकम ?100000 को देने के लिए आरोपी के द्वारा अपने साथी आरोपी कमल किशोर दुबे के साथ मिलकर प्रताड़ित करने लगा और रकम नहीं देने के कारण प्रार्थी का नया मोटरसाइकिल को शंभू नारायण बंजारे के कहने पर कमल किशोर दुबे के द्वारा प्रार्थी के घर से उठाकर ले गया था और धमकी दिया गया था कि, ब्याज कर का वापस नहीं करने पर तुम्हारे घर में तार लगवा देंगे मारपीट कर देंगे और साथ ही



साथ तीन नग ब्लैंक चेक साइन करा कर रख लिया था । प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना सरसीवा में अपराध क्रमांक 09/25 अंतर्गत धारा 308(2),3(5) ब्न्हस् तथा धारा 4 छत्तीसगढ़ ऋणियों के संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद का विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों को पुलिस अपेक्षा में लेकर पूछताछ करने पर 15त्न के ब्याज दर से ऋण देना बताएं, आरोपियों से प्रार्थी का एक मोटरसाइकिल और लिखा पढ़ी वाला स्टांप पेपर के साथ ही साथ ब्लैंक चेक को बरामद किया गया है तथा अन्य व्यक्तियों के भी ब्लैंक चेक, पासबुक,एटीएम कार्ड भी दोनों आरोपियों के पास से जप्त किया गया है । जिनके बारे में विवेचना की जा रही है । दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

# राज्य स्तरीय पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता रायपुर में महासमुंद में ने 39 स्वर्ण, 11 रजत व 4 कांस्य पदक सहित 44 पदक

## कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने खिलाड़ियों को दी बधाई, राज्य स्तरीय पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में जिले को मिला 44 पदक

### प्रतियोगिता में महासमुंद जिला रहा दूसरे स्थान पर

**शंकर लहरे / महासमुंद (समय दर्शन)।** 15वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन रायपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम रायपुर में दिनांक 3 से 5 जनवरी 2025 तक आयोजित किया गया। अध्यक्ष जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ महासमुंद निरंजन साहू ने बताया कि महासमुंद जिले के खिलाड़ी सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग में विभिन्न खेलों में शामिल हुए, जिसमें दृष्टिबाधित वर्ग टी 11 एवं अल्प दृष्टिबाधित वर्ग टी 12 में 100मीटर, 200मीटर, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद शामिल किया गया। अस्थिबाधित वर्ग टी- 34, 42, 44, 47 में 100मीटर, 200मीटर , 400मीटर, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक एवं लंबीकूद में शामिल किया गया। *प्रतियोगिता के परिणाम -* दृष्टिबाधित वर्ग में लक्की यादव ने सीनियर पुरुष वर्ग में 400मीटर दौड़ में प्रथम स्थान एवं 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नोशन लाल पटेल ने जूनियर वर्ग में 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान एवं 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तुषार गिरी गोस्वामी ने सब जूनियर वर्ग में 100मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान, 200 मीटर दौड़ में



प्रथम स्थान एवं 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ईशान भोई ने जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान, 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान एवं 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भूपेंद्र पटेल ने टी 11 में 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान, गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। त्रिलोक ने सीनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान, लंबीकूद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। नोहर लाल ध्रुव ने तवा फेंक में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वरुण दीवान ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में नीलम टंडन ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान एवं लंबीकूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्योति निषाद ने सब जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान, 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान एवं 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डुमेश्वरी साहू ने सीनियर वर्ग में 100मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। देवमोति साव ने लंबीकूद में प्रथम स्थान एवं 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रीति यादव ने लंबीकूद में प्रथम स्थान, गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनम सबर ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह से अस्थिबाधित में जीतू ओगरे ने तवा फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हेमा निषाद ने जूनियर वर्ग में गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल मोती निषाद ने सीनियर वर्ग में भाला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगम निषाद ने सब जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष सीनियर वर्ग में अनिल कुमार निषाद ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। धीरज कुमार ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान एवं तवा फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टी 44में राजेश कुमार ने जूनियर बालक वर्ग में तवा फेंक में प्रथम स्थान एवं गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुकेश कुमार ने जूनियर बालक वर्ग में गोला फेंक में प्रथम स्थान एवं तवा फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तोरण यादव ने सीनियर पुरुष वर्ग में तवा फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ जिला पंचायत एस. आलोक, पारस चोपड़ा अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन, विश्वनाथ पाणिग्रही, प्राचार्य पी जी कॉलेज डॉ. अनुसुइया अग्रवाल, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, विपिन बिहारी महंती, राज्य पैरा स्पोर्ट्स संघ सचिव डीकेश कुमार टंडन, अपूर्व पांडे, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मुकेश कुमार निषाद, नम्रता चंद्राकर, मनोरमा स्वाई, अनिता निर्मलकर, तुलसी साहू, संजय पैकरा, सोना राजवाड़े, वरुण निषाद, रश्मि साहू, पुष्पा पटेल, ललिता साहू, ललिता नागेश, भूमिका यादव, पिंकी यादव, लोकनाथ धृतलहरे, नरोत्तम बघेल, सुनील श्रीवास्तव ने बधाई दीं।

# नगर पंचायत इंदौरी, पांडातराई एवं नगर पालिका पंडरिया में विधायक भावना बोहरा ने किए 2 करोड़ 62 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**कवर्धा (समय दर्शन)।** पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा लगातार सार्थक प्रयास का रहीं हैं। सौन्दर्यीकरण से लेकर जनता की सुविधाओं हेतु सड़क, नाली,पुल-पुलिया निर्माण, प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाइट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए विधायक भावना बोहरा ने करोड़ों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने सोमवार को इंदौरी नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 1 करोड़ 78 लाख 70 हजार की लागत से होने वाले कुल 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मंगलवार को उन्होंने नगर पंचायत पांडातराई में हाई मास्ट लाइट एवं शेड निर्माण हेतु 34 लाख 5 हजार तथा नगर पालिका परिषद् पंडरिया में कुल 49 लाख 37 हजार की लागत से शेड व आहता निर्माण तथा सांस्कृतिक कला मंच एवं प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस तरह कुल 2 करोड़ 62 लाख 12 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक भावना बोहरा द्वारा किया गया।



इस दौरान विधायक भावना ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकाँक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वहीं हमारे शहरी क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए अधोसंरचना विकास व सौन्दर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण तथा सुगम आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यों की सौगात जनता को लगातार मिल रही है। इस सौगात के लिए उन्होने मुख्यमंत्री श्री साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बताया कि इसके पूर्व भी हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में निवासरत जनजातीय समाज के परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पीएम जनमन योजना के तहत 25 करोड़ से अधिक के कुल 10 सड़कों के निर्माण तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1 करोड़ 45 लाख की लागत से सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता के विश्वास से ही आज पंडरिया विधानसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में निरंतर विकास कार्य तेजी से हो रहा है। मोदी की गारंटी में किए वादों को पूरा करने मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आज हर क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है इससे क्षेत्र के विकास के साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है।

## खबर-खास

# संभागायुक्त कावरे ने राजिम में नवीन मेला ग्राउंड का किया निरीक्षण

**कलेक्टर श्री अग्रवाल की मौजूदगी में राजिम मेला आयोजन के संबंध में तैयारियों का लिया जायजा**



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने आज राजिम पहुंचकर आगामी राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियों के सम्बन्ध में नवीन मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला आयोजन के संबंध में की जा रही तैयारी का जायजा लिया।साथ ही नवीन मेला ग्राउंड में पहुंचकर मेला के विकास के लिए जारी कार्यों का भी जायजा लिया।संभागायुक्त ने प्रगतिरत कार्यो का अवलोकन कर निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। संभागायुक्त श्री कावरे को कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राजिम मेला के ड्राइंग डिजाइन के माध्यम से विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अभी तक किए गए तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने राजिम कुंभ कल्प मेले के भव्य आयोजन के लिए सभी तैयारियां को समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।साथ ही सड़क,कुंड, पार्किंग व्यवस्था,दुकान आबंटन,पेयजल,विद्युत आपूर्ति आदि की भी व्यवस्थाओं को भी मेलार्थियों की सुविधा के अनुरूप जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद पांडे,मेला स्थानीय समिति के सदस्यों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि,मंदिर के ट्रस्टी एवं पदाधिकारीगण सहित वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे।

# दशरंगपुर पुलिस दो लाख रुपए के गांजा के साथ दो आरोपियों को दबोचा

**कवर्धा (समय दर्शन)।** जिले के मुख्य द्वार में दशरंगपुर पुलिस ने दो लाख रुपए के गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के निर्देशन और डीएसपीकृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में चौकी दशरंगपुर प्रभारी लक्ष्मीनारायण साव द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता प्राप्त की गई। मुखबीर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से जब्त 6.320 किलोग्राम गांजा कीमती ?2,00,000 रुपए के साथ ही एक कार (कीमत ?5,00,000), तीन एंड्रॉयड मोबाइल कीमती ?24,000 कुल मशरूका ?7,24,000 बरामद किया गया है। मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चौकी दशरंगपुर पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान




हाईस्कूल दशरंगपुर, एनएच-30 पर बेमेतरा से कवर्धा की ओर आ रही सफेद रंग की कार (सीजी 07-बीएक्स 5675) को रोककर जांच की। वाहन में चालक 'धनराज पवार' (26 वर्ष, निवासी नंदनी चौक, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव) और कंडक्टर सीट पर बैठे मोहम्मद इरफान खान (28 वर्ष, निवासी स्टेशनपारा, थाना सिटी कोतवाली, जिला राजनांदगांव) की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। गवाहों की उपस्थिति में तलाशी लेने पर वाहन की डिक्की से तीन पैकेट मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 6.320 किलोग्राम निकला। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत ?2,00,000 है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने तस्करों की योजना को विफल कर दिया। यह सफलता मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिले में चल रहे सख्त अभियान का हिस्सा है। पुलिस अधीक्षक 'श्री धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि नशे के अवैध कारोबार से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी पुलिस को तुरंत दें, ताकि ऐसे अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

# भाजपा की चौपट कानून व्यवस्था के बीच अब पत्रकार भी सुरक्षित नहीं- चोवाराम साहू

**कवर्धा (समय दर्शन)।** भाजपा शासनकाल में लगातार चौपट हो रही बिगड़ती कानून व्यवस्था के बीच अब देश का चौथा स्तंभ माने जाने वाला मीडिया वर्ग भी सुरक्षित नहीं है। छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर में युवा पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की हत्या प्रदेश की भाजपा सरकार की लचर और चौपट कानून व्यवस्था का परिणाम है। जिसे संभाल पाने में प्रदेश के गृह मंत्री पूरी तरह से नाकाम और विफल साबित हो रहे हैं।कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने उक्त बातें जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि भाजपा के राज में छत्तीसगढ अपराध और अपराधियों का गढ़ बन गया है। प्रदेश की सत्ता में भाजपा सरकार के आते ही गृह विभाग की कमान गृहमंत्री विजय शर्मा के संभालने के बाद उनके गृह



जिले कवर्धा से लेकर पूरे प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार, चाकूबाजी, अवैध कारोबार, तस्करी, गुंडागर्दी तथा दूसरी आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई और आपराधिक तथा आसामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो चुके हैं। उन्होने कहा कि स्थिति इतनी बद से बदतर हो चुकी है। भाजपा शासन काल के कुछ ही महिनो में प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में आगजनी, पुलिस अभिरक्षा में लोगों की मौत, लूट, सामूहिक बलात्कार, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, हत्या जैसे अनगिनत मामले सामने आ चुके हैं और अब तो देश का चौथा स्तम्भ कहे जाने वाला पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है उसकी भी हत्या कर दी जा रही है। उन्होने कहा कि बस्तर के पत्रकार मुकेश चन्द्राकर भाजपा सरकार में विकास एवं निर्माण कार्यो के नाम पर किए जा रहे बड़े फर्जी बाड़ा का उजागर करने का काम कर रहे थे इसलिए उनकी हत्या कर दी गई।

श्री साहू ने शासन से मांग की है कि मुकेश चन्द्राकर की हत्या करने वाले सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होने शासन से प्रदेश की चरमराई कानून व्यवस्था दुरूस्थ करने तथा अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# वी और लायन्सगेट ने वी मुवीज़ एण्ड टीवी पर प्रीमियम कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए की साझेदारी

**रायपुर।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने प्रीमियम स्ट्रीमिंग सर्विस लायन्सगेट प्ले के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जिसके साथ उपभोक्ता टॉप-टियर कंटेंट की एक्सक्लुज़िव लाइब्रेरी का लाभ उठा सकेंगे। एक्शन ब्लॉकबस्टर्स, आईकोनिक फ्रैंचाइज़, प्रतिष्ठित फिल्मों और सीरीज़, ग्लोबल अवॉर्ड्स, एक्सक्लुज़िव प्रीमियर तथा डब्ड कंटेंट की व्यापक रेंज के साथ लायन्सगेट एंटरटेनमेन्ट का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। इस साझेदारी के साथ वी का ओटीटी पोर्टफोलियो और भी विस्तारित हो गया है जो उपभोक्ताओं को किफ़ायती दाम पर हॉलीवुड फिल्मों, ओरिजिनल सीरीज़, इंटरनेशन टाइटल्स की प्रीमियम लाइब्रेरी का अनूठा अनुभव प्रदान करेगा।

**वी मुवीज़ एण्ड टीवी-** उपभोक्ताओं की मनोरंजन संबंधी विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए वी मुवीज़ एण्ड टीवी को डिज़ाइन किया गया है, जहां उपभोक्ता सिंगल ऐप और सिंगल सब्सक्रिप्शन के ज़रिए टॉप ओटीटी का आनंद उठा सकते हैं। वे कंटेंट की व्यापक रेंज का लुत्फ़ उठा सकते हैं, जिसमें स्पोर्ट्स के लिए डिज़्नी प्लस हॉटस्टार, सोनी लिव, ज़ी 5, फैनकोड और रीजनल कंटेंट के लिए सन नेक्स्ट, मनोरमा मैक्स, नम्माफ्लिक्स, क्लिक, चौपाल, और अब लायन्सगेट प्ले के साथ सर्वश्रेष्ठ हॉलीवुड शामिल हैं। ये 30 से अधिक लाईव न्यूज़ चैनलों सहित 300 से अधिक लाईव टीवी चैनल भी पेश करता है। उपभोक्ता वी मुवीज़ एण्ड टीवी ऐप के ज़रिए स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी और लैपटॉप या टैबलेट पर इन सभी कंटेंट का आनंद उठा सकते हैं।

# बगईजोर में नवोदय प्रवेश अभ्यास परीक्षा संपन्न, नवोदय अभ्यास परीक्षा में 949 छात्रों ने दी परीक्षा

**शंकर लहरे/ सरायपाली (समय दर्शन)।** विगत रविवार को बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज के आंचलिक कर्मचारी प्रकोष्ठ सरायपाली द्वारा आर एस इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल बगईजोर सरायपाली में नवोदय प्रवेश अभ्यास परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सरायपाली बसना, पिथौरा झलप, बिलाईगढ़, पामगढ़, बलोदाबाजार, जांजगीर-चांपा, सारंगढ़, पदमपुर सहित विभिन्न स्थानों से कुल 949 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें हिंदी माध्यम में 856 और अंग्रेजी माध्यम में 93 छात्रों ने परीक्षा दी। अंचलिक कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा पिछले 5 वर्षों से लगातार इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नवोदय परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए कारगर साबित हो रहा है। परीक्षार्थियों को आशीर्वचन देने के लिए सरायपाली विखं शिक्षाधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी एवं बाबा विशासहे कुल कोलता समाज के संभागीय अध्यक्ष



गिरधारी साहू ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए मुख्य परीक्षा में चयन होने की शुभकामना दी एवं आंचलिक कर्मचारी प्रकोष्ठ के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए दूर दूर से बच्चे आते हैं।इस परीक्षा के लिए विगत तीन माह से समिति द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की जा रही थी। प्रश्न पत्र, पंजीयन, बैठक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था में कई कार्यकर्ता लग रहे। समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। युवा प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ, रामचंडी सेवा समिति सहित लोकेश प्रधान जेएमआर ग्रुप, दीपक प्रधान प्रदेशअध्यक्ष युवा कोलता समाज, देवराज बारीक अध्यक्ष आंचलिक युवा प्रकोष्ठ, नरोत्तम बारीक आंचलिक अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ, नारायण साहू, डॉ विजय शंकर भोई, लोकेश साहू, मजेश भोई अध्यक्ष पटवारी संघ, कैलाश प्रधान आराध्या स्पोर्ट्स, मुरारी प्रधान उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, राजेश प्रधान सोसायटी तोरेसिंहा आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया। आर एस इंग्लिश मीडियम स्कूल के संचालकगण नरेंद्र साहू ,सुरेंद्र साहू सहित पूरे शिक्षक गणों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही शिक्षक शनिराम सिदार व उमाकांत साहू का भी समाज द्वारा विशेष आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर नंदकिशोर भोई, ललित साहू, प्रदीप साहू, जयंत बारीक, भूपेंद्र भोई, किशोर भोई, सुरेंद्र साहू, महेश नायक, देवेंद्र भोई, हेमसागर प्रधान, विजय प्रधान, रामलाल साहू, मधुमंगल साहू, सूर्यकांत बारीक, अशोक साहू, अश्विनी बारीक, नरेश साहू, ललित भोई, संजय भोई, लखेचरन साहू, प्रेमानंद भोई, महावीर भोई आदि उपस्थित थे।

# नक्सलियों से एनकाउंटर में मिले कई आधुनिक हथियार

**नारायणपुर।** दंतेवाडा और नारायणपुर जिले की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. 4 जनवरी की शाम से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है. नक्सल विरोधी सर्च अभियान में चार जिले दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर और कोंडागांव की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी. जहां सुरक्षा बलों की टीम और नक्सलियों का आमना सामना हो गया. इस मुठभेड़ में डीआरजी के प्रधान आरक्षक शहीद हो गए. वहीं जवानों ने 5 वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर दिया. इसमें दो महिला नक्सली भी शामिल हैं. इसके अलावा मृत नक्सलियों में डीकेएसजेडसी पीएलजीए प्लाटून नंबर 32 के सीनियर कैडर शामिल, जिनकी शिनाख्त की जा रही है. वहीं मौके से एके 47, एसएलआर रायफल जैसे कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं. क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

**// ईश्तहार//**

अ /2, वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नम्बर....
क्रमांक /97/अ.वि.द./प्रवा - 1/2025
कवर्धा, दिनांक 06.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण लिमो को सूचित किया जाता है, कि पूर्णिमा ठाकुर पिता भूषण सिंह ठाकुर निवास का पता- ग्राम कवर्धा तहसील- कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम लिमो प0ह0नं0-18 रा.नि.म. छिरहा तहसील - कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 106 रकबा 0.450 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (फ्लाई एस ब्रिक्स) व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।
उक्त आवेदित भूमि का व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 20.01.2025 को समय 05:30 बजे तक स्वत: या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 06.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक 06.01.2025
पेशी दिनांक 20-01-2025
मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कवर्धा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

अ/2, वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नम्बर, 202412080800064
कवर्धा, दिनांक 30.12.2024
क्रमांक/ 5028 /अ.वि.द./प्रवा -2/2024

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण सिंघनपुरी को सूचित किया जाता है, कि धनराज साहू पिता कुमार सिंह निवास का पता- ग्राम सिंघनपुरी तहसील-कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम सिंधनपुरी प.ह.नं.-01 रा.नि.म. नेवारी तहसील - कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 3/19 शा.नं. 2/20, 3/21 रकबा 0.1290 हेक्टेयर एवं खसरा नम्बर 3/46 रकबा 0.243 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (गुड़ उद्योग) व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।
उक्त आवेदित भूमि का व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 14-01-2025 को समय 05:30 बजे तक स्वत: या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 30.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक-30-12-2024
पेशी दिनांक 14-01-2025
मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कवर्धा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़**

**//न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम//**

अ / 2, वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नम्बर...
क्रमांक /107/अ.वि.द. / प्रवा - 1/2025
कवर्धा, दिनांक 06.01.2025

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण दशरंगपुरखुर्द को सूचित किया जाता है, कि सुरेश पिता उधोप्रसाद निवास का पता- ग्राम दशरंगपुर तहसील- कवर्धा जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम दशरंगपुर प.ह.नं.-07 रा.नि.म. नेवारी तहसील - कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 13/19 रकबा 0.117 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (फ्लाई एस ब्रिक्स) व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।
उक्त आवेदित भूमि का व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 20-01-2025 को समय 05:30 बजे तक स्वत: या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 06.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक 06.01.2025
पेशी दिनांक 20.01.2025
मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कवर्धा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
**जोन क्रमांक- 07**
**--:: निविदा आमंत्रण सूचना ::--**
**// प्रथम निविदा //**

क्रमांक 52/जोन क्रमांक 7/न.पा.नि./2025 रायपुर, दिनांक 06/01/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नांकित कार्यो हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन ठेकेदारों से कम/अधिक प्रतिशत दर से लो.नि.वि. में प्रभावशील (भवन / सड़क) (एसओआर 01-01-2015) लो.स्वा.यां. विभाग में प्रभावशील (एसओआर 07.02.2013) एवं (एसओआर 01.06.2020) एवं आज दिनांक तक संशोधित दर अनुसार अनुसार निर्धारित विहित प्रपत्र में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पध्दति से नियमानुसार सीलबंद निविदाएं जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 07, नगर पालिक रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफडी.आर., आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से मान्य होगा एवं मूल एफ.डी.आर. एवं शपथ पत्र के साथ एक छायाप्रति भी संलग्न करें । निविदा का विवरण निम्नानुसार है।
1. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 27.01.2025 सायं 5:30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 30.01.2025 सायं 5:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- दिनांक 30.01.2025 सायं 5:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा फार्म | आगणित राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्र. 22 अंतर्गत वनवासी कल्याण आश्रम में भवन निर्माण कार्य | ए | 2000000 | 15000 | 750.00 | लो.नि.वि. में एकल पद्धति से डी श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत | 90 दिन |

**नियम एवं शर्ते :- (भाग 1)**
01. निविदा संबंधित समस्त दरुजावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्अनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी । प्रथम लिफाफामें राष्ट्रियकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी. आर/शपथ पत्र /एवं समस्त दस्तावेज, दूसरे लिफाफे में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर दोनो लिफाफो को तीसरे लिफाफे में सील बंद कर निविदा रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयत होना अनिवार्य है। 04 जीएसटी 05. जीएसटी आर 1 लास्ट 3 मंथ 6. आईटीआर लास्ट 3 साल 7. बैंक साल्वेंसी सर्टिफिकेट 08. पैन कार्ड संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
**नियम एवं शर्ते :- ( भाग 2 )**
1 नये पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म हेतु जीएसटी रजिस्ट्रेशन तिथि के अनुसार जीएसटी रिटर्न लास्ट मंथ का देना होगा ।
2 नये पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार आईटीआर एक साल का मान्य होगा ।
3 निविदा फार्म कार्यलय से उपलब्ध होगी । शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी ।

**घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रं. 07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## संक्षिप्त-खबर

### भदरपाली में सूर्यवंशी जगत परिवार द्वारा बूढ़ादेव राउर त्यौहार का आयोजन



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भदरपाली में पुरखा के शक्ति बूढ़ादेव की असीम कृपा से गोडवाना रिती रिवाज से सूर्यवंशी जगत परिवार द्वारा बूढ़ादेव राउर त्यौहार का आयोजन जय बूढ़ादेव कोटार समिति भदरपाली द्वारा पूरे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हुए मना रही है। इस पर्व को सूर्यवंशी जगत परिवार द्वारा हजारों श्रद्धालुओ की उपस्थिति में बड़े धूम-धाम से मनाया गया। यह पर्व देव आव्हान शनिवार दिनांक 04.01.2025 देव पूजन के पश्चात अगले दिन नगर भ्रमण, छत्रभोज रविवार दिनांक 05.01.2025 को संपन्न हुआ। आयोजन मे पूरे सूर्यवंशी जगत परिवार के अंतर्गत आने वाले ग्राम छोटेलोरम, बुधूडोंगर, मुढ़ीडीह, हरिल छापर, चकरदा, जमनीडीह, मिलाराबाद, बिजराभाठा, तिलाईमल (जामपाली), सालेपाली, तरेकेला, लाखनपाली, चपिया, मुड़पहार, उड़ेला, कोलिहाडीपा, लारीपुर, बेंदारी, कुर्रूपाली, बिलासपुर, भैंसादरहा, मिलाराबाद, भदरपाली, देवगांव, पसेरलेवा,जामपाली और कुशभाठा के स्वजातीय बंधु बांधवों की सहभागिता मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जय बूढ़ादेव समिति के अध्यक्ष सुरेश परेश्वर (छोटेलोरम), उपाध्यक्ष सेतु (बिजराभाठ), सचिव विरेंद्र( भैंसादरहा) समिति के सदस्य नंदलाल जगत,गोरख जगत,हीरा जगत,मंशा जगत,भोजराम जगत,विक्रम जगत,देवसिंग जगत,ठाकुरसिंग जगत,मनोहर जगत,संजय जगत एवं समस्त सूर्यवंशी जगत परिवार सेवा जोहार के लोग प्रमुख रूप से इस आयोजन में उपस्थित थे।

### छात्रों ने नरसिंहनाथ और गढ़फुलझर का किया शैक्षणिक भ्रमण



**शंकर लहरे/ सरायपाली( समय दर्शन)।** शासकीय हाईस्कूल रोहिना के छात्रों को नरसिंहनाथ एवं गढ़फुलझर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न भौगोलिक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का अवलोकन कराया गया। छात्रों को भौगोलिक स्थलों के रूप में नदी-नाला, पुल-पुलिया, पर्वत, घाटी, झरना, जलप्रपात, पेड़-पौधों, जड़ी- बूटियों आदि की जानकारी दी गई। नरसिंहनाथ एवं गंधमार्दन पर्वत की कथा से भी अवगत कराया गया। नरसिंहनाथ से लौटते समय ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल गढ़फुलझर का भी भ्रमण कराया गया। जहां व्याख्याता कमलेश साहू द्वारा छात्रों को भैना कालीन राजवंश के बारे में जानकारी देते हुए प्राचीन गढ़ के अवशेष, मानसरोवर, बजरंगबली, अर्धनारीश्वर मूर्ति, विभिन्न समास के निर्माणाधीन मंदिरों, कोलता समाज की आराध्य देवी रामचंडी मंदिर आदि का अवलोकन कराया गया। भोजन बनाते समय छात्रों को प्राचार्य अजय जायसवाल द्वारा नॉन न्यूटोनियन लिक्विड की प्रायोगिक जानकारी दी गई। छात्रों ने इस अवसर पर बलांगीर से पहुंचे 86 वर्षीय सेवानिवृत प्राइमरी स्कूल इंस्पेक्टर से मुलाकात की। इस दौरान प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल व्याख्याता कमलेश साहू, कांति कुमार साहू, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, कार्यालय स्टाफएस आर साहू, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा, शाला नायक सुमित्रा यादव, उप शाला नायक दिव्या राणा, सांस्कृतिक सचिव खुशबू यादव, सीमू सेठ, जसमोती, कामना, नेहा, संदीप सेठ, अजय राणा, सुमित यादव, गोपाल, सुमित राणा, नेहरू आदि उपस्थित थे।

### पाटन में होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन, तैयारी शुरू

**पाटन (समय दर्शन)।** महिला बाल विकास विभाग के पाटन परियोजना द्वारा इस वर्ष 15 जनवरी की पाटन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी चल रही है। जोड़ा का पंजीयन किया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग के पाटन परियोजना अधिकारी श्रीमती छाया वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 15 जनवरी की पाटन में आयोजन होना है। इसके लिए इच्छुक जोड़ा या फिर उनके पालक अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता से संपर्क कर पंजीयन करा सकते है।

# विश्व ब्रेनलिपि दिवस के अवसर पर बसना राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यवाह सत्यप्रकाश श्रीवास्तव हुए शामिल

- उड़ान दृष्टि व श्रवण बाधित विद्यालय में विश्व ब्रेन लिपि दिवस मनाया गया



**बसना( समय दर्शन)।** भंवरपुर रोड पर स्थित जनविश्वास सेवा समिति द्वारा संचालित उड़ान दृष्टि व श्रवण बाधितार्थ विशेष आवासीय विद्यालय में 4 जनवरी को विश्व ब्रेल लिपि दिवस मनाया गया ।

कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की वंदना के साथ की गयी । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष एवं स्कूल की संचालिका उमा साहू ने बताया कि 4 जनवरी 1809 को लुई ब्रेल का जन्म हुआ था । लुई ब्रेल ने ब्रेल लिपि का अविष्कार किया, ताकि दृष्टिहीन बच्चे लिख सके , आत्मनिर्भर बन सके। उनके जन्म दिवस को ब्रेल लिपि दिवस के रूप में हर साल 4 जनवरी को मनाया जाता है । कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य करने वाले समाजसेवियों का उड़ान स्कूल की तरफ से सम्मानित किया गया । दिव्यांग बच्चों व कोमल ब्युटीपार्लर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती चातुरी डिग्री नंद विधायक सरायपाली, पवन अग्रवाल प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पंकज आलोक तिर्की सेकंड अपर सत्र न्यायाधीश, विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली , ललिता मेहेर स्छह्क सरायपाली, पुकराम कुर्रे प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी/कर्मचारी संघ, चरण सिंह साहू जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी संघ महासमुन्द,टिकेश्वर सिदार ब्लाक अध्यक्ष बसना छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी संघ, पालेश्वर सिंह ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष पिथौरा छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी संघ, समिति के उपाध्यक्ष हेमंत साहू,भागीरथी दास , कमला साहू स्कूल स्टाफगुलशन साहू विनय यादव , संतोषी गया दास , कल्पना , वर्षा समाजसेवी एवं व्यापारी संघ सत्यप्रकाश ( सोनू ) श्रीवास्तव, कुलवंत छाबड़ा मनोज अग्रवाल,जीतू अग्रवाल, सुरेश साहू कोमल ब्युटीपार्लर, स्कूली बच्चों के पालकगण दिव्यांगजन उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन शरन दास ने किया ।

# बसना नगर पंचायत में उपाध्यक्ष एवं पार्षदों का विदाई समारोह सम्पन्न



**बसना( समय दर्शन )।** नगर पंचायत कार्यालय बसना में नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के कार्यकाल पूरा होने पर नगर पंचायत के अधिकारियों की ओर से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों को नगर पंचायत बसना के सीएमओ सूरज सिदार द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए, नगर पंचायत परिवार की ओर से उनका भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल एवं सभी सभासदों को साल, श्रीफल, मोमेंटो आदि से सम्मानित किया गया।

उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल एवं सभी सभासदों ने अधिकारियों और जनता का आभार व्यक्त किया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि, आप सभी ने जनता के बीच में रहकर पांच साल जनता की सेवा की है। नगर पंचायत के विकास में सभी सभासदों का भरपूर सहयोग रहा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि, आपने चोरों को, भूमाफियाओं ,अवैध कब्जाधारियों को, भ्रष्टाचारियों को बिल से धर दबोचने का काम किया है। जनता के कामों को प्राथमिकता से करने का काम किया है। नगर पंचायत के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए गए तथा नगर पंचायत में चार चांद लगाने का काम किया है। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने नगर पंचायत से आग्रह है कि जिस प्रकार पांच साल इन चोरों और भ्रष्टाचारियों को दूर रखने का काम किया है ठीक इसी प्रकार अगला बोर्ड बनने तक ऐसे चोरों एवं भ्रष्टाचारियों से नगर पंचायत को महफूज रखने का काम करें। इस दौरान नगर पंचायत सीएमओ सूरज सिदार ने सभी का आभार जताया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा महासमुंद जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, तनवीर सईद,पार्षदगण शीत गुप्ता,रमेश सूर्या, डेनियल पीटर, गौतम धृतलहरें, सोनू सोनवानी, अनिश धनानी, आबीद खान, महेन्द्र सिंह अरोरा, श्रीमती विनीता पवन अग्रवाल, डिम्पल छाबड़ा, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधिगण निर्मलदास, विकास वाधवा, भावेश अग्रवाल,इंजीनियर भीष्म प्रधान,भाजपा युवा नेता आकाश सिन्हा, मुकेश मित्तल, पत्रकार अभय धृतलहरें, ऋषिकेशन दास, अरुण साहू, नगर पंचायत कर्मचारियों सहित नगरवासी मौजूद थे।

# गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर विधायक ने गुरुद्वारा में मत्था टेका



**बसना( समय दर्शन )।** बसना मे गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर नगर स्थित गुरु गुरुद्वारा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरु पर्व पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने गुरुद्वारे में पहुंच कर मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गुरु पर्व पर आयोजित लंगर में सेवा दिये। गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने सभी को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं गुरुद्वारा प्रबंधक की ओर से विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल को सरोपा पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने कहा कि, गुरु गोबिंद सिंह जी भक्ति और शक्ति के प्रतीक थे। गुरु गोबिंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सारा जीवन न्योछावर कर दिया। यहां तक कि उन्होंने अपने साहिबजादो की भी कुर्बानी दे दी थी। मानवता व इतिहास में इन्हें भुलाया नहीं जा सकता। हम सब के लिए जरूरी है कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। विधायक ने कहा कि धर्म व संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ गुरु गोबिंद सिंह की सोच थी कि,, न तो किसी से डरना चाहिए और न ही किसी को डराना चाहिए,,, मगर धर्म, संस्कृति व राष्ट्र के लिए अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निर्वाह करें और मानवता व समाज की सेवा करना भी जरूरी है। इस अवसर पर सिक्ख समाज के प्रधान जशवंत सिंह सलूजा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,कामेश बंजारा,महेन्द्र सिंह अरोरा, विकास वाधवा, निर्मलदास,गढफुलझर मण्डल अध्यक्ष नरहरी पोर्ते,आकाश सिन्हा, पत्रकार सीडी बघेल, सुकदेव वैष्णव सहित सिक्ख समाज के पदाधिकारीगण तथा सैकड़ों माताएं बहने व सामाजिकजन मौजूद रहे।

# लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा नवोदय प्रवेश परीक्षा पूर्व मॉक टेस्ट, सांकरा में हुआ परीक्षा का आयोजन




**पाटन ( समय दर्शन )।** भारत सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण क्षेत्र के माधवी छात्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नवोदय विद्यालय खोला गया है । इस नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी 2025 आयोजित है ।

लक्ष्य छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ राज्य शासन के एक पंजीकृत संस्था है। लक्ष्य छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री एफ आर वर्मा के मार्गदर्शन एवं श्री गुना राम चंदेल के नेतृत्व तथा श्री किशोर कुमार वर्मा संरक्षण के मार्गदर्शन में विगत 5 वर्षों से लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में लगातार मॉक टेस्ट आयोजित किया जा रहा है । बच्चों को एक बेहतर और शैक्षणिक वातावरण मिले इस उद्देश से क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर मॉक टेस्ट को परीक्षा आयोजन कर बच्चों को परीक्षा का अभ्यास, ओएमआर शीट का भरना, समय प्रबंधन कौशल सीखना प्रमुख हैं। विगत वर्ष 2023-24 में विभिन्न जिलों में स्थित नवोदय विद्यालय में 84 बच्चों का कक्षा छठवीं में दाखिला हुआ था। इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में 19 केन्द्रों में नवोदय प्रवेश परीक्षा से पूर्व मॉक टेस्ट आयोजित किया जा रहा है जिसमें लगभग 1600 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं ।

लक्ष्य छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार सिंगौर ने बताया कि जिला दुर्ग के बच्चों को नवोदय की तैयारी के उद्देश्य से बीते रविवार को पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम सांकरा, पाटन दुर्ग में परीक्षा का आयोजन किया गया। दुर्ग के विभिन्न क्षेत्र जिनमें पाटन से 1, दुर्ग से 1 खुड़मुड़ी से 12, मोतीपुर से 5, खम्हारिया से 3, रायपुर से 2 , सांकरा से 7,झीट से 3 एवं रूही से 1 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया इस प्रकार प्रवेश मॉक टेस्ट में 35 बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा परीक्षार्थियों ने उत्साह के साथ एवं रुचि लेते हुए अपने प्रतिभा को निखारने एवं अधिक से अधिक नंबर प्राप्त करने का अत्यधिक प्रयास कर रहे हैं। ग्राम सांकरा के केंद्र से विगत वर्ष तीन बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश में हुआ था ।

परीक्षा केंद्र में विशेष सहयोग के लिए खुड़मुड़ी के शिक्षक श्री चुम्मन लाल सिन्हा, केंद्राध्यक्ष शकुमारी कंचन सिंगौर तथा कुमारी उजाला सिंगौर द्वारा संपन्न किया गया। परीक्षा उपरांत उपस्थित छात्र-छात्राओं के पालकगण को भी अच्छे नंबर प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होने पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय अधिक अंक प्राप्त हुए ले बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया ? पालको ने कहा कि इस तरह की परीक्षा से बच्चों में प्रतियोगिता परीक्षाओं के प्रति उत्साह बढ़ता है और हम सब पालकों को एक नए-नए शिक्षा नीति की जानकारी होती है।

लक्ष्य कोषाध्यक्ष श्री सिंगौर ने बताया कि जो भी नवोदय प्रवेश परीक्षा में फॉर्म भरे हैं वे बच्चे नवोदय प्रवेश परीक्षा मॉक टेस्ट के अंतिम परीक्षा दिनांक 12.1.2025 को सम्मिलित हो सकते हैं जिनके लिए मोबाइल नंबर 99264 77 9902 से संपर्क कर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने वृद्ध आश्रम में बांटी खुशियां



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा सेवा फाउंडेशन, जिला-राजनांदगांव के तत्वावधान में प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) डॉ. गुरप्रीत कौर के मार्गदर्शन में श्री भगवान महावीर समता वृद्धा आश्रम, राजनांदगांव में बुजुर्गों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा संचालित आश्रम में बुजुर्गों के लिए लंच, बिस्कुट और मिठाई की व्यवस्था की गई और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती मधुबाला श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रेणुका साहू, जिला जनरल सेक्रेटरी श्रीमती रितु रायजादा, जिला सचिव अभिषेक श्रीवास्तव, जिला जॉइंट सेक्रेटरी मिस विनोदिनी मारकंडे और जिला मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव उपस्थित रहे। इसके साथ ही संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव के छात्र-छात्राओं की भूमिका भी सराहनीय रही। नए वर्ष के उपलक्ष्य में फाउंडेशन के सदस्यों ने वृद्ध आश्रम जाकर बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उनके लिए भोजन की व्यवस्था की। बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान देखकर सभी का हृदय प्रफुल्लित हो गया। इस कार्यक्रम में न केवल बुजुर्गों के जीवन में खुशियां भरीं, बल्कि समाज में सेवा और सम्मान के संदेश को भी सुदृढ़ किया।

# सड़क दुर्घटना व बढ़ती नशाखोरी पर अंकुश लगाने पुलिस तत्पर




**भाटापारा (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ राज्य मे बलौदाबाजार - भाटापारा जिला मे सड़क दुर्घटना व नशाखोरी की बढती सर्वाधिक प्रवृत्ति एवं प्रकरण पुलिस के लिये चुनौती पूर्ण कार्य बना हुआ है जिस पर हर संभव प्रयास पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उक्ताशय के विचार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने भाटापारा के पत्रकारो से रूबरू होते हुये कहीं उन्होने आगे कहा कि सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आम नागरिको एवं सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता व चुनौती के बारे मे जागरूकता से बताते हुये पुलिस विभिन्न बिन्दुओं पर कार्य कर रहीं है। अग्रवाल ने कहा कि जिला मे सर्वाधिक सड़क दुर्घटना के प्रकरण सामने आ रहे है जिन्हे रोकना चुनौतीपूर्ण कार्य है पुलिस के साथ साथ जनसहयोग से सड़क दुर्घटना को रोकने सामुहिक प्रयास पर अग्रवाल ने जोर दिया। एसएसपी ने यह भी कहा कि बलौदाबाजार - भाटापारा जिला मे बढती नशाखोरी चिंता का विषय है यहां पर हर प्रकार के अवैध शराब व सभी किस्म के अवैध शराब तस्करी के बढते प्रकरण पर चिंता प्रकट करते हुये उन्होने इसके रोकथाम पर बल दिया। विजय अग्रवाल ने कहा कि बढती नशाखोरी चिंता का विषय है सड़क दुर्घटना के अधिकांश प्रकरणो पर विवेचना के उपरांत यह बात उभरकर सामने आई है कि अधिकतर दुपहिया वाहन चालक नशे की हालत मे वाहन चलाते पाये गये है वहीं दुपहिया वाहन एवं बडे वाहनो के बीच भिडंत के प्रकरण मे भी दोनो वाहन चालक नशे की हालत मे पाये गये है। अग्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटनायें हमारी एक छोटी से भूल से होती है और दुर्घटना मे जिस व्यक्ति की मौत होती है उसका परिवार बिखर जाता है दुर्घटना मे यदि कोई पुलिस का सिपाही मददगार बनकर चुनौती पूर्ण कार्य करते हुये सामने आता है तो उसका हौसला अफ जाई करना चाहिये उन्होने जिले मे अवैध शराब के कारोबार व सड़क दुर्घटना रोकने की दिशा मे ठोस कार्यक्रम बनाकर पुलिस प्रशासन द्वारा उनकी रोकथाम के दिशा मे किये जा रहे प्रयासो की जानकारी दी। उसके पहले प्रेस क्लब भवन मे एसएसपी विजय अग्रवाल का स्वागत संतोष अग्रवाल, संजीत तिवारी, सत्यनारायण पटेल, शत्रुघ्न लाल सोनवानी राजेश शर्मा सहित अन्य लोगों ने किया। उक्त अवसर पर राजीव तिवारी, नरसिंह यादव, राजेश यादव, संतोष साव, लालू साहू, कोमल शर्मा, अजय यादव, आयशा खान, सरिता ध्रुव, शत्रुघन लाल साहू, जुगल किशोर तिवारी, राज केदार गुप्ता व अमृतलाल साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम मे नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी, हेमंत पटेल व पुलिस के अन्य कर्मी मौजूद थे। एसएसपी को भाटापारा के यातायात के संबंध मे ज्ञापन दिया गया जिस पर उन्होने यातायात प्रभारी हेमंत पटेल को व्यवस्था मे आवश्यक सुधार लाने कार्यवाही के निर्देश दिये।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24